संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -136 रविवार ,19 मार्च 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## मोदी और शेख हसीना ने पाइपलाइन का किया उद्घाटन

» बांग्लादेश के साथ नए अध्याय की हुई शुरुआत

**नई दिल्ली,18 मार्च 2023(ए) ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शनिवार को भारत-बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस परियोजना से लाभान्वित होने वाले समस्त लोगों को बधाइयां दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-बांग्लादेश संबंधों में आज एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। इस भारत-बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन परियोजना की नींव हमने सितंबर 2018 में रखी थी। मुझे खुशी है कि आज प्रधानमंत्री शेख हसीना जी के साथ उद्घाटन करने का समय आ गया।

**फ्रेंडशिप पाइपलाइप के चलते डीजल आपूर्ति का खर्चा होगा कम**

उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बावजूद इस परियोजना का काम जारी है। इस पाइपलाइन से उत्तरी बांग्लादेश के विभिन्न जिलों को 1 मिलियन मैट्रिक टन डीजल की आपूर्ति की जा सकेगी। पाइपलाइन की वजह आपूर्ति करने पर खर्च में कमी आएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की वैश्विक स्थिति में कई विकासशील अर्थव्यवस्थाएं अपनी खाद्य और ऊर्जा सुनिश्चित करने के लिए जूझ रही है। इस संदर्भ में आज के इस आयोजन का महत्व और भी अधिक है।

**बांग्लादेश के विकास को और गति देगी फ्रेंडशिप पाइपलाइन**

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह पाइपलाइन बांग्लादेश के विकास को और



गति देगी, दोनों देशों के बीच बढ़ती कनेक्टिविटी का भी उत्कृष्ट उदाहरण रहेगी। इसी का परिणाम है कि कोविड महामारी के दौरान हमें रेल नेटवर्क के द्वारा बांग्लादेश को ऑक्सीजन आदि भेजने में सुविधा रही।

उन्होंने कहा कि उनके इस दूर-दृष्टि भरे विजन के लिए मैं प्रधानमंत्री शेख हसीना जी का हृदय से अभिनंदन करता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे याद है कि कई वर्षों पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना जी ने 1965 से पहले की रेल कनेक्टिविटी बहाल करने के अपने विजन के बारे में चर्चा की थी। उसी समय से दोनों देशों ने मिलकर इस पर बहुत प्रगति की है।

### थर्मल पावर परियोजना की दूसरी यूनिट जल्द होगी शुरू

उन्होंने कहा कि आज भारत बांग्लादेश को 1100 मेगावाट से अधिक बिजली की आपूर्ति कर रहा है। फ्रेंडशिप सुपर थर्मल पावर परियोजना की पहली इकाई शुरू हो गई है। इसका उद्घाटन पिछले साल प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत यात्रा के दौरान किया गया था। अब जल्द ही दूसरी यूनिट शुरू होने जा रही है।

आईबीएफपी से पहले भारत से नेपाल के बीच (मोतीहारी-अमलेकगंज) इसी तरह की एक पाइपलाइन बिछाई गई है। सितंबर, 2019 में इसका उद्घाटन हुआ था। तब यह दक्षिण एशिया में दो देशों के बीच पहली पेट्रोलियम पाइपलाइन थी जिसका निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा से 15 माह पहले ही पूरा कर लिया गया था आईबीएफपी दक्षिण एशिया की दूसरी अंतरराष्ट्रीय पाइपलाइन परियोजना है।



## भारत और चीन के बीच स्थिति नाज़ुक और खतरनाक

**नई दिल्ली,18 मार्च 2023(ए) ।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आज बड़ा बयान जारी करते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच की स्थिति को 'नाजुक' और 'खतरनाक' है। एक मीडिया हाउस के प्रोग्राम के दौरान जयशंकर ने कहा कि लद्दाख के कुछ हिस्सों में सैन्य बल एक-दूसरे के बहुत करीब तैनात हैं। उन्होंने कहा, '2020 के मध्य में क्षेत्र में दोनों पक्षों के संघर्ष में हमारे 20 सैनिक शहीद हुए थे, जबकि उनके 40 से अधिक मारे गए या फिर घायल हुए, लेकिन कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के दौर के माध्यम से स्थिति को शांत कर दिया गया था।

वहीं विदेश मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी कटाक्ष किया है। राहुल गांधी के लंदन के कैंब्रिज विवि में दिए स्पीच पर पलटवार करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत के नागरिक के रूप में किसी को चीन की तारीफ करते देखना परेशान करने वाला था। चीन के लिए राहुल गांधी के शब्द सद्भाव और भारत के लिए कलह थे। जयशंकर ने राहुल गांधी की चीन वाली टिप्पणी पर तीखे अंदाज में कहा, इसमें बहुत कुछ राजनीति है। चीन के लिए राहुल गांधी के शब्द सद्भाव और भारत के लिए कलह थे।

## एन श्रीधर होंगे एनएमडीसी के नए सीएमडी

**बैठक के बाद हुआ फैसला**

**हैदराबाद ,18 मार्च 2023(ए) ।** आईएएस एन श्रीधर को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। नए सीएमडी श्रीधर 1997 बैच के आईएएस अफसर हैं। वे आंध्रप्रदेश में तीन साल तक स्पेशल सिक्रेट्री टू सीएम की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इसके अलावा वे वारंगल, अनंतपुर, कृष्णा और रंगा रेड्डी जिले के कलेक्टर रहे हैं। आंध्र के काकीनाडा पोर्ट के डायरेक्टर भी। श्रीधर के साथ खास बात यह है कि वे जनवरी 2015 से सिंगरैनी कोल माइंस के सीएमडी का दायित्व संभाल रहे हैं। यानी पिछले आठ साल से। स्ष्ष्टरुमें उनका काम काफी अच्छा



रहा। तेलांगना राज्य बनने के बाद उनका कैडर आंध्र प्रदेश से बदलकर तेलांगना हो गया। देश की सबसे बड़ी सरकारी खनन कंपनी एनएमडीसी के चेयरमैन कम मैनेजिंग डायरेक्टर होंगे। भारत सरकार के पब्लिक इंटरप्राइजेस सलेक्शन बोर्ड ने आज दिल्ली में हुई अहम बैठक में श्रीधर के नाम पर मुहर लगा दी। सीएमडी सुमित देब के इस महीने रिटायर होने के बाद नए सीएमडी के चयन के लिए आज बैठक हुई। सुमित से पहले 85 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस एन बैजेंद्र कुमार सीएमडी रहे। बता दें, एनएमडीसी का 75 फीसदी से ज्यादा प्रोडक्शन छत्तीसगढ़ के बस्तर में होता है।

## विवादास्पद मशहूर यूट्यूबर ने किया सरेंडर

» तमिलनाडु केस में ईओयू करेगी पूछताछ

**पटना ,18 मार्च 2023(ए) ।** विवादास्पद यूट्यूबर मनीष कश्यप ने शनिवार सुबह बिहार पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। बेतिया पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने यह जानकारी दी। बता दें कि मनीष कश्यप को तमिलनाडु में बिहारियों के खिलाफ कथित हिंसा और मारपीट मामले में भ्रामक वीडियो प्रसारित करने का आरोपी बनाया गया था।

घर पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू होने के बाद मनीष कश्यप ने जगदीशपुर थाने में सरेंडर कर दिया। खबरों के मुताबिक मनीष को आर्थिक अपराध इकाई को सौंपा जा रहा है। ईओयू उनसे पूछताछ करेगी। कोर्ट से आदेश मिलने के बाद कई थानों की पुलिस मनीष कश्यप के घर पर कुर्की जब्ती के लिए पहुंची। उनके घर पर बुलडोजर भी चलाए गए और घर के सामान जब्त किए गए। मनीष कश्यप का घर बेतिया के मझौलिया थाना अंतर्गत महना



डुमरी गांव में है।मनीष कश्यप पर तमिलनाडु केस के अलावे बेतिया में 7 अपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 5 मामलों में चार्जशीट दायर है। मनीष ने पटना हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। याचिका रद्द कर दिए जाने के बाद वह फरार चल रहे थे। कई मामलों में पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस की दबिश बढ़ाए जाने के बाद उन्होंने सरेंडर कर दिया है।

सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय यूट्यूबर मनीष कश्यप के मझौलिया थाने के डुमरी महना स्थित घर की कुर्की पुलिस ने शनिवार को शुरू की। पांच बजे से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल, मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी उसके घर पर पहुंचने लगे। तय समय पर कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इधर, पुलिस दबिश पर मनीष ने जगदीपुर थाने में सरेंडर कर दिया। एसडीपीओ मुकुल परिमल पांडे ने बताया कि मनीष कश्यप फरार चल रहा था। उसके घर की कुर्की की गई। उसके बाद करीब नौ बजे उसने जगदीशपुर थाने में सरेंडर कर दिया।

## पैदल चंबल पार कर रहे 7 श्रद्धालु बहाव में बहे

**अब तक तीन शव बरामद**

**मुरैना ,18 मार्च 2023(ए) ।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में आज सुबह चंबल नदी में उस समय एक बड़ा हादसा हो गया, जब पैदल इस नदी को पार कर राजस्थान जा रहे लगभग डेढ़ दर्जन लोगों में से सात लोग पानी के बहाव में बह गए। हादसे में अब तक तीन लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। प्रशासन शेष के शव तलाशने में जुटा हुआ है।

कलेक्टर अंकित अस्थाना ने शुरुआती जानकारी के हवाले से बताया कि राजस्थान मध्यप्रदेश सीमा पर सबलगढ़ अनुविभाग के टहटरा थाने स्थित चंबल के राजिया घाट से लगभग 17 लोग राजस्थान स्थित कैला देवी माता के दर्शन करने पैदल नदी पार कर के जा रहे थे। इस दौरान सात लोग पानी के बहाव में बह गए। इनमें से तीन के शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शेष की तलाश जारी है। प्रशासन लगातार बचाव कार्य में जुटा है। आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री




शिवराज सिंह चौहान ने चंबल नदी में हुए दुखद हादसे का संज्ञान लिया और हादसे पर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि चंबल नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन को तेज किया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन आवश्यक संसाधन के साथ घटनास्थल पर है, एसडीआरएफ की टीम पहुंच रही है, स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से नदी में बह गए लोगों की तलाश की जा रही है। रेस्क्यू एवं आवश्यक मदद की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय सीएमओ द्वारा की जा रही है।

## गलत किया है तो बख्शा नहीं जाना चाहिए

» अडानी-हिंडनबर्ग प्रकरण पर अमित शाह ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली,18 मार्च 2023(ए) ।** देश में अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर विपक्ष लगातार हंगामा कर रहा है। अब इस मामले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने कुछ गलत किया है तो बख्शा नहीं जाना चाहिए। इस विवाद की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति बनाने की विपक्ष की मांग पर अमित शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से पहले ही इस मामले का संज्ञान लिया जा चुका है और कोर्ट ने एक जांच समिति का गठन भी किया है।



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा, सरकार को इस विवाद पर कोई भ्रम नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया है। अब लोगों को न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास इस मामले से जुड़े सबूत हैं तो उसे सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के सामने पेश करना चाहिए।

## ट्रेनर चार्टर विमान दुर्घटनाग्रस्त

» महिला प्रशिक्षु के साथ इंस्ट्रक्टर की मौत

**बालाघाट,18 मार्च 2023 (ए) ।** मध्य प्रदेश के बालाघाट में शनिवार को एक ट्रेनर चार्टर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बालाघाट के किरनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम भक्कूटोला के घने जंगल में विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई, जिनमें से एक महिला प्रशिक्षु पायलट, जबकि दूसरा इंस्ट्रक्टर बताया जा रहा है।



**तलाशा जा रहा है पॉयलट का शव**

विमान हादसे में मारे गए दो पायलटों में से एक का शव बरामद हो गया है, जबकि दूसरे पायलट के शव को तलाशा जा रहा है। घटना स्थल से आए वीडियो फुटेज में मलबे में एक व्यक्ति का शव दिखाई दे रहा है। हालांकि, यह हादसा किस वजह से हुआ ? अभी इसकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल) आदित्य मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि किरनापुर के भक्कूटोला में ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। पुलिस बल मौके के लिए रवाना हो गए।

**फ्लाई स्कूल का है ट्रेनर चार्टर विमान**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दुर्घटनाग्रस्त प्लेन पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में संचालित फ्लाई स्कूल का है, जिसके ट्रेनर चार्टर विमान में ये हादसा हुआ है। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लगी है। साथ ही मौके पर पुलिस अधिकारियों व टीम द्वारा जांच की जा रही है।



## खालिस्तान समर्थक अमृतपाल और उसके 6 साथी गिरफ्तार

**पंजाब में इंटरनेट बंद**

**जालंधर,18 मार्च 2023 (ए) ।** खालिस्तान समर्थक अमृतपाल और उसके 6 साथियों को पंजाब पुलिस ने जालंधर के मैहतपुर इलाके में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तारी के दौरान सभी मोगा की ओर जा रहे थे। यह गिरफ्तारी अजनाला थाने पर हमले से जुड़े केस में हुई है।

पंजाब पुलिस द्वारा घेरे जाने पर अमृतपाल खुद गाड़ी में बैठकर लिंक रोड से होते हुए भाग गया। पुलिस की करीब 100 गाड़ियां उसके पीछे लग गईं। अमृतपाल को जालंधर के नकोदर एरिया से गिरफ्तार करने की सूचना है। बता दें पंजाब में मामले की गंभीरता को देखते हुए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

खालिस्तान समर्थक संगठन 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल के खिलाफ 3 केस दर्ज हैं जिनमें से दो मामले अमृतसर जिले के अजनाला थाने में हैं। अपने एक करीबी की गिरफ्तारी से नाराज होकर अमृतपाल ने 23 फरवरी को समर्थकों के साथ मिलकर अजनाला थाने पर हमला कर दिया था।

## सीबीएसई ने स्कूल प्रमुखों को दी हिदायत

» 1 अप्रैल से पहले एकेडमिक सेशन न शुरू करें स्कूल

**नई दिल्ली ,18 मार्च 2023 (ए) ।** कुछ स्कूलों ने इस साल के शुरुआत में अपना एकेडमिक सेशन शुरू कर दिया है। जिसे लेकर सीबीएसई ने सभी स्कूलों को एक सर्कुलर जारी किया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सर्कुलर जारी कर स्कूलों को अपने कैलेंडर का सख्ती से पालन करने और हर साल 1 अप्रैल से पहले एकेडमिक सेशन शुरू नहीं करने को कहा है। दरअसल, बोर्ड ने बताया कि कुछ स्कूलों ने इस साल के शुरुआत में अपना एकेडमिक सेशन शुरू किया है। इन सभी स्कूलों को अपने कैलेंडर का सख्ती से पालन करना होगा और कोई भी स्कूल 1 अप्रैल से पहले




एकेडमिक सेशन शुरू न करें। बोर्ड ने सर्कुलर में कहा, ÷कम समय सीमा में पूरे साल के लायक कोर्स वर्क को पूरा करने का प्रयास उन छात्रों के लिए जोखिम पैदा करता है, जो परेशान हो सकते हैं और सीखने के लिए काफी संघर्ष करते हैं।÷ इसके अलावा, बोर्ड ने कहा, लाइफ स्किल, वैल्यू एजुकेशन, हेल्थ और फिजिकल एजुकेशन, वर्क एजुकेशन और कम्यूनिटी सर्विस जैसी एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज को करने के लिए बहुत कम या बिल्कुल समय नहीं है। सीबीएसई ने कहा कि ये एक्टिविटीज शिक्षाविदों जितनी ही महत्वपूर्ण है।



## ब्राजील से आए यात्री के पेट में मिली 11 करोड़ की कोकीन

**आईजीआई ने एयरपोर्ट पर दबोचा**

**नई दिल्ली ,18 मार्च 2023 (ए) ।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में ब्राजील से आए एक यात्री के पास से 752 ग्राम कोकीन की गोलियां बरामद हुई हैं जिसकी कीमद 11 करोड़ रुपये आंकी गई है। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने आरोपी व्यक्ति को कोकीन की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एयरपोर्ट पर तलाशी के दौरान यात्री के पेट से 11 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद हुई है। यह कोकीन उसने कैप्सूल में भरकर अपने पेट के अंदर छुपा रखी थी। ड्रग्स की यह खेप वह दुबई ले जाने वाला था। कस्टम विभाग के संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार के अनुसार, बीते 11 मार्च को उनकी टीम ने एक गुप्त सूचना पर ब्राजील के नागरिक को पकड़ा था। वह ब्राजील से दुबई गया था और वहां से दूसरे विमान में सवार होकर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था। यहां से वह ग्रीन चैनल की तरफ गया जहां शक होने पर कस्टम विभाग की टीम ने उसे पकड़ लिया।

उसका एक्स-रे करवाया गया, जिसमें उसके शरीर में कुछ संदिग्ध सामान देखा गया। इसके बाद डॉक्टरों की मदद से उसके पेट से 85 कैप्सूल बरामद किए गए। इसके अंदर 752 ग्राम पाउडर भरा हुआ था। इसकी जांच करने पर पता चला कि यह कोकीन है। इसे लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।




## असम में लगातार दो बार आया भूकंप

**असम ,18 मार्च 2023 (ए) ।** राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह असम के जोरहाट में भूकंप आया। बता दें कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 मापी गई। ये भूकंप असम से 23 किमी दक्षिण में आज (शनिवार) सुबह लगभग 9 बजकर 3 मिनट (ढ्ढस्न्न) पर आया।

मिली जानकारी के अनुसार, एक आधिकारिक बुलेटिन में कहा गया है कि मध्य असम में शनिवार सुबह रिक्टर पैमाने पर 3.6 और 2.8 तीव्रता के दो भूकंप आए। पहले भूकंप का केंद्र ब्रह्मपुत्र नदी के दक्षिणी किनारे पर जोरहाट जिले के टीटाबार के पास 50 किमी की गहराई में था। दोनों में से किसी भी भूकंप के कारण किसी के घायल होने या किसी संपत्ति के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। दूसरा भूकंप ब्रह्मपुत्र के उत्तरी तट पर स्थित लखीमपुर में भी झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर 2.8 तीव्रता का दूसरा भूकंप सुबह 11.02 बजे दर्ज किया गया, जिसका केंद्र ब्रह्मपुत्र के उत्तरी तट पर डारंग जिले के दलगाँव के पास 9 किमी की गहराई पर था। इस भूकंप को उदलगुरी, बक्सा और सोनितपुर जिले में रहने वाले लोगों ने महसूस किया, जबकि शक्तिशाली नदी के दक्षिणी तट पर स्थित मोरीगांव के लोगों को भी झटका लगा। बता दें कि रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप नागालैंड के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में भी कई क्षेत्रों में महसूस किया जा सकता है।

# हल्की बारिश के कारण बिजली व्यवस्था चौपट,शहर सहित ग्रामीण इलाका में रहा अंधेरा

» बिजली गिरने से क्षेत्र में छाया अंधेरा

» ग्रामीण अंचल 4-5 घटें डुबा रहा अंधेरे में

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

हल्की बारिश के बाद शुक्रवार की रात कई जगह आकाशीय बिजली गिरने से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई। बताया जा रहा है कि आकाशीय बिजली गिरने के कारण एक सब स्टेशन के अंदर ना सिर्फ ट्रांसफार्मर जल गया बल्कि कुछ स्थानों में 33 केवी की मेन लाइन टूट गई। यही नहीं कई स्थानों पर आकाशीय बिजली के कारण इंसुलेटर भ्रष्ट हो गया। आलम यह था कि पूरा शहर और आसपास के ग्रामीण अंचल लगभग 4 से 5 घंटे अंधेरे में डूबे रहे। बिजली की बिगड़ी व्यवस्था में सुधार के लिए पूरे रात कर्मचारी मशक्कत करते रहे उनकी यह मशक्कत आज दूसरे दिन भी जारी रही। घंटों तक बिजली गुल रहने से लोग घरों के अंदर परेशान रहे।







जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात 9 बजे के लगभग हल्की हवा व बारिश शुरू हो गई थी। रुक रुक कर हो रही हल्की बारिश के बीच अचानक पूरे शहर की बिजली गुल हो गई। बताया जा रहा है कि कार्मेल स्कूल के समीप खटीक मोहल्ला में 33 केवी की मेन लाइन दो जगह से टूट गई थी। इसमें लाइन से तकिया और न्यू बस स्टैंड का सब स्टेशन जुड़ा हुआ है इस कारण से इनसे संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। वहीं दूसरी तरफ नमनाकला सबस्टेशन में आकाशीय बिजली गिरने के कारण करंट ट्रांसफॉर्मर जलकर भष्ट हो गया। मेडिकल कॉलेज के पास भी आकाशीय बिजली गिरने के कारण इंसुलेटर भ्रष्ट हो गया था। इससे जुड़े महामाया फीडर व लक्ष्मीपुर फीडर क्षेत्र के सभी घर अंधेरे में डूब गए।

हल्की बारिश के बीच अचानक बिजली गुल हो जाने से आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों में रात 1 से 2 बजे तक विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं की जा सकी थी। पूरे शहर में विद्युत व्यवस्था चौपट हो जाने के बाद विभाग के लगभग 40 कर्मचारी व्यवस्था में सुधार के लिए पूरे रात जुटे रहे। इसके साथ साथ लगभग 10 गाड़ियां क्षेत्र में घूम घूम कर सुधार कार्य करती रही। रात 12-30 बजे तक शहर के कुछ क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था बहाल करने के बाद कुंडला सिटी और फिर न्यू बस स्टैंड की विद्युत व्यवस्था बहाल की जा सकी। विद्युत व्यवस्था बहाल होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।बिजली विभाग के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में बीती रात कई जगह आकाशी बिजली गिरने की घटना सामने आई है। शहर से लगे कांति प्रकाश पुर में आकाशीय बिजली गिरने से इंसुलेटर भष्ट हो गया था। इन सब के कारण दरिमा सब स्टेशन से जुड़े क्षेत्रों में भी अंधेरा छाया रहा। रात को ही विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे। आज दूसरे दिन भी शहर में कई जगह सुधार कार्य किया जाता रहा।

# ग्लॉकोमा के कारण छिन जाती है आंखों की रोशनी,मिले 80 मरीज



» जिले के समस्त विकासखंड में मनाया गया विश्व ग्लॉकोमा जागरूकता सप्ताह

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

शासन के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सरगुजा डॉ. पीएस सिसोदिया के मार्गदर्शन में समस्त विकासखण्ड में 12 से 18 मार्च तक विश्व ग्लॉकोमा जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं हैल्थ वैल्थ वेलनेश सेंटर एवं मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में निऱ्शुल्क आंखों की जांच, लोगों को जागरूक एवं इस संबंध में कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों 40 वर्ष से अधिक उम्र के 2190 लोगों की जांच किया। जिसमें से 13 लोग संभावित मरीज मिले। जिसे नेत्र रोग विभाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज किया गया। 336 लोगों को चश्मा वितरित किया गया। बिमारी के बारे में लोगों में जागरूकता करने आंगनबाडी केन्द्रों, स्कूलों एवं पंचायतों में चौपाल लगाया व संगोष्टी भी आयोजित की गई। इसी कड़ी में 18 मार्च को समापन समारोह मितानीन दीदियों के बीच पंचायत भवन खैरबार में किया गया। इस दौरान नेत्र रोग विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. रजत टोप्पो ने बताया कि यहां 80 लोगों को ग्लॉकोमा यानि काला मोतिया (काचियाबिंद ) मिले हैं। यह आंखों की गंभीर बिमारी है, जो कई बार आंखों की रोशनी छिन लेती है। कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल पर काम करते समय हमारी आंखों पर बहुत दबाव पड़ता है। पर हम इसे गंभीरता से नहीं लेते हैं और आंखों से संबंधित परेशानियों को अनदेखी और लापरवाही धीरे-धीरे ग्लॉकोमा जैसे गंभीर बिमारी का रूप ले लेती है। जेल सुप्रीटेण्डेड बीआर खाण्डे उप कलेक्टर व ममता पटेल जेलर के मार्गदर्शन में विगत 17 मार्च को डॉ. रजत टोप्पो की टीम डॉ. दीपा रमेश घृतकर, राकेश दुबे, व अमित नामित द्वारा केन्द्रिय जेल अम्बिकापुर में भी बंदी भाइंयो के बीच संगोष्ठी व नेत्र परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां 213 बंदियों का जांच कर 158 लोगो को चश्मा प्रदाय किया जाएगा। वहीं 61 मोतियाबिंद मरीजों का डॉ. रजत टोप्पो एवं डॉ. संतोष एक्का द्वारा सफल ऑपरेशन कर उन्हें रोशनी दी गई। इस दौरान पीजी जेआर डॉ. डोमन साहू, सीसीसी अब्राहम, आरके घुलकर नेत्र सहायक अधिकारी कार्यक्रम की सक्रिय भूमिका रही।

# 17 स्वयं सेवकों व ग्रामीणों ने किया रक्तदान




- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

राज मोहनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र अंबिकापुर के अधिष्ठाता डॉ. आरबी तिवारी के मार्गदर्शन में ग्राम पंडो नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे 7 दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के लैब प्रभारी डॉ. विकास पांडेय के नेतृत्व में मेडिकल टीम द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 17 स्वयं सेवकों व ग्रामवासियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। जिसमें दृष्टि आहूजा, पूजा साहू, गुलशन, रविंद्र, हेमलाल, यशवंत घनश्याम, हिमांशु, अंकित, रमन, मेघा, योगेश्वर, रितेश साहू उदय पंडो तथा डॉ. आर्यमा भारती ने रक्तदान किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसआर दुबोलिया, डॉ. नीलम चौकसे, डॉ. जितेंद्र तिवारी, डॉ. सचिन जयसवाल, विकास साहू, शिविर के स्वयंसेवक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# चरित्र शंका को लेकर पत्नी की हत्या,आरोपी पति गिरफ्तार

» पत्नी की हत्या के मामले मे सरगुजा पुलिस को मिली सफलता

» थाना बतौली द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त टांगी किया गया जप्त

» पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन मे गंभीर मामलो मे हो रही त्वरित कार्यवाही

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

चरित्र शंका को लेकर एक युवक ने शुक्रवार की सुबह पत्नी की टांगी से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी थी। इस मामले में बतौली पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।




पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामकेश्वर साकिन सेदम बतौली का थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका भाई प्रभुनारायण अपनी पत्नी कयासो के उपर चरित्र शंका कर हमेशा लड़ाई झगडा करते रहता था। घटना दिनांक 17 मार्च को बैल को बाहर निकालने की बात को लेकर प्रभुनारायण टांगी से पत्नी को मार दिया है। जिसस उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना पर पुलिस ने आरोपी प्रभुनारायण का पत्तासाजी कर पकडक़र पुछताछ किया गया जो अपनी पत्नी की हत्या कारित करना स्वीकार किया एवं घटना में प्रयुक्त टांगी को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया हैं, आरोपी प्रभुनारायण साकिन सेदम बतौली के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली उप निरीक्षक प्रमोद कुमार पाण्डेय, सउनि शिवमन कौशिक, प्रआर देवशरण, आर पंकज लकड़ा, राजेश खलखो, जयनाथ राम, अशोक भगत, सैनिक बजरंग प्रसाद, सैहुन कुजूर शामिल रहे।

# माता कर्मा जयंती के अवसर पर मां कर्मा साहू समाज भवन का किया गया लोकार्पण

- संवाददाता -
लखनपुर,18 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

माता कर्मा जयंती के अवसर पर 18 मार्च दिन शनिवार को साहू समाज के लोग नगर के वार्ड क्रमांक 9 गुदरी बाजार स्थित माता कर्मा चौक पर एकत्रित हुए और स्थानीय पुजारियों वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया तत्पश्चात लखनपुर महिला बाल विकास विभाग कार्यालय परिसर में माता कर्मा साहू समाज नवनिर्मित भवन का माता कर्मा जयंती के अवसर पर पूर्व सांसद कमलभान सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लखनपुर कृपा शंकर गुप्ता ,भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू सहित समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति मे उपस्थिति में रामनाथ गुप्ता के द्वारा माता कर्मा साहू समाज भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। गौरतलब है कि स्वर्गीय हरिहर प्रसाद गुप्ता के विशेष प्रयास से लखनपुर नगर सहित भरतपुर गोरता, गुमगरा, कोरजा गांव में साहू समाज भवन के लिए विशेष योगदान पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी 1लाख सरगुजा पूर्व सांसद कमलभान सिंह 5 लाख भाजपा मंडल अध्यक्ष व पूर्व पार्षद दिनेश साहू 150000 एल्डरमेन सुरेंद्र साहू डेढ़ लाख एल्डरमैन दिनेश गुप्ता 100000 नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू रू.300000 कुल मिलाकर तेरा लाख रुपए योगदान देकर भवन का निर्माण किया गया जिसका अतिथियों के समक्ष आज लोकार्पण किया गया साथ ही उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को माता कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान रामअवतार साहू शैलेंद्र गुप्ता सुभाष गुप्ता कपूर चंद गुप्ता रामटहल पटेल बसंत गुप्ता सत्यनारायण साहू कृष्ण कुमार गुप्ता लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता सुरेंद्र गुप्ता सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।




# चोरी की स्कूटी व बाइक के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

चोरी की स्कूटी व बाइक के साथ कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस चोरी के मामले में विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी फिरोज पैकरा पिता शिव साय पैकरा उम्र 20 वर्ष बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर खाल पारा , श्रवण गुप्ता पिता सुनिल गुप्ता उम्र 21 वर्ष बतौली थाना के ग्राम शिवपुर, संसद पैकरा उर्फ सोनू पिता मुनेश्वर पैकरा उम्र 20 वर्ष लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम असकला आमापारा व इरशाद अंसारी पिता पीर मोहम्मद उम्र 22 वर्ष अंबिकापुर थाना क्षेत्र के महामायापारा नावागढ़ को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों ने जरहागढ़ से बाइक व स्कूटी चोरी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की स्कूटी व बाइक भी जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# बाइक दुर्घटनाग्रस्त 11 वर्षीय बालक की मौत,पिता व छोटा भाई घायल



- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

सीतापुर थाना क्षेत्र के महुआदरहा खरापारा के पास बाइक अनियंत्रित हो जाने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में 11 वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इसके पिता व छोटे भाई को चोट आई है। जिन्हें इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना क्षेत्र के जामजूनगानी चारपारा निवासी अशोक खलखो अपने पुत्र 11 वर्षीय अंश व छोटे बेटे के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। रास्ते में महुआदरहा खरापारा के पास बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में अंश को सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इसके पिता व छोटा भाई घायल हो गए हैं। सूचना पर सीतापुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलगों को इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल में भर्ती करवाया।

# राष्ट्रपति के अभिभाषण का भाजपा ने किया वाचन

- संवाददाता -
वाड्रफनगर,18 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

प्रतापपुर विधानसभा के वाड्रफनगर मंडल शक्ति केन्द्र कछीया में दिनांक 17/3/2023 को मंडल अध्यक्ष पूरंजय मिश्रा की अध्यक्षता एवम छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा की विषेष उपस्थिति में हमारे देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी का अभिभाषण का वाचन हुआ साथ ही मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें राम सेवक पैकरा ने आम सभा को संबोधित किए जिसमें मोर आवास मोर अधिकार के प्रभारी सुनील पटेल, विश्वनाथ तिवारी , जगदीश कुशवाहा बीडीसी राजू सिंह उइके , मुकेश जायसवाल, अतुल जायसवाल ,धर्मजीत सिंह ,परमानंद ,सकेन्द्र गुप्ता , महेंद्र गुप्ता ,लालजी, आनंद चौरसिया सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।





## शक्ति केंद्र बसंतपुर में राष्ट्रपति के अभिभाषण का हुआ वाचन

मण्डल वाड्रफनगर के शक्ति केंद्र बसंतपुर में भाजपा मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में सभी सक्तिकेन्द्र के सदस्य एवं पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं तथा अनेक लोगों के बीच भारत के महामहिम राष्ट्रपति का अभिभाषण का वाचन चार लोगों के द्वारा किया गया अभीभाषण वाचन में भारत देश को अग्रसर बढ़ानें एवं गरीब परिवार को मूलभूत सुविधाएं से जोड़ने एवं लाभ दिलाने के साथ अनेक कार्य के बारे में वाचन किया गया आज के इस अभिभाषण वाचन में उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष पुरंजय मिश्रा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपीशरण कुशवाहा, सीताराम अग्रवाल, चंद्रमणी यादव, गोरेलाल बंसल, शंकर ओइके जगेसर जगते, श्याम जी जगते, रमाकांत यादव, रामरूप आयम रामलखन गुप्ता, दशरथ प्रजापति महेंद्र देवांगन, शहीत दर्जनो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# साहू संघ के तत्वाधान में संत माता कर्मा जयंती मनाई गई

- संवाददाता -
सूरजपुर,18 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

संत माता कर्मा जयंती के शुभ अवसर पर तहसील साहू संघ सूरजपुर के तत्वाधान में नगर के माता कर्मा चौक पर पुरोहित द्वारा विधिवत पूजा अर्चना हवन आरती कर खिचड़ी का भोग लगाकर माता कर्मा की जयंती मनाई गई सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने माता कर्मा के बताए हुए आदर्शों पर चलने का आह्वान किया एवं उनकी जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा कि किस तरह माता कर्मा ने दमन के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए सामाजिक जनों को न्याय दिलाया एवं भक्ति की पराकाष्ठा मिसाल पेश करते हुए भगवान श्री कृष्ण को खिचड़ी खिलाया आज भी जगन्नाथपुरी में खिचड़ी का ही प्रसाद लगाया जाता है सामाजिक विकास में सबको मिलजुल कर प्रयास करने को कहा आज सायं काल अपने घर आंगन में पांच दीपक जलाने का आग्रह किया कार्यक्रम में साहू समाज के सरगुजा एवं सूरजपुर जिले के पूर्व अध्यक्ष रामकृपाल साहू, वर्तमान जिला अध्यक्ष श्री जोखन लाल साहू, तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष गैबी नाथ साहू तहसील उपाध्यक्ष सुशील कुमार साहू, राम प्राण साहू, युवा प्रकोष्ठ के मनीष दीपक साहू, वीरेंद्र कुमार साहू, राजेश साहू पोड़ी, ओम प्रकाश साहू, रमेश कुमार साहू, भोला साहू, राजेश्वर साहू राकेश कुमार साहू, लालजी साहू राधेश्याम साहू, प्यारे साहू, दीपक साहू, वेद साहू, जवाहर साहू संतोष साहू, पवन कुमार साहू, महेंद्र साहू, मोहर लाल साहू उपस्थित सभी जनों ने महेंद्र साहू का जन्मदिन भी मनाया काफी संख्या में समाज के महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।



# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने किया अपनी गिरफ्तारी का दावा,समर्थकों से एकजुट होने को कहा

**वाशिंगटन, 18 मार्च 2023।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही सलाखों के पीछे जा सकते हैं। इसका दावा उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर किया। ट्रंप ने कहा कि उन्हें मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय द्वारा लाए गए एक मामले में मंगलवार को गिरफ्तार किए जाने की आशंका है साथ ही उन्होंने अपने समर्थकों से अपनी गिरफ्तारी का विरोध करने का आह्वान किया।

इस मामले पर जिला अटॉर्नी कार्यालय के एक प्रवक्ता ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय हश मनी मामले में उन्हें आरोपित करने वाला हैं। हालांकि ट्रंप ने इससे जुड़े कोई सबूत नहीं दिखाए हैं और उन्होंने यह नहीं बताया कि आरोप क्या होंगे।




यह मामला पोर्न स्टार डेनियल से जुड़ा है, जिनका असली नाम स्टेफनी क्लिफोर्ड है, उनका कहना है कि एक दशक पहले उनका ट्रंप के साथ अफेयर था। हालांकि ट्रंप ने अफेयर से इनकार किया है। ट्रंप 2017 से 2021 तक अमेरिका के राष्ट्रपति थे और उन्होंने कहा है कि वह 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में व्हाइट हाउस में वापसी के लिए प्रयास करेंगे।

**ये है पूरा मामला**

पिछले साल कुछ दस्तावेजों से खुलासा हुआ था कि 2016 के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान मुंह बंद रखने के लिए पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को मोटी रकम देने में ट्रंप व उनके पूर्व शीर्ष सहयोगी होप हिक्स सीधे तौर पर शामिल थे। इसके बाद इस मामले में ट्रंप के पूर्व वकील माइकल कोहेन ने पिछले साल अगस्त में अपना अपराध कबूल करते हुए कहा था कि उन्होंने ट्रंप के कहने पर स्टॉर्मी को भुगतान किया था। लेकिन तब यह साफ नहीं हुआ था कि इसमें ट्रंप की सीधी भूमिका थी या नहीं।

दस्तावेजों के मुताबिक, अक्तूबर, 2016 में स्टॉर्मी को 1.30 लाख डॉलर का भुगतान किया गया था। कोहेन ने स्टॉर्मी को यह रकम देने से पहले फोन पर दो बार ट्रंप से इस संबंध में बात की थी। बता दें कि स्टॉर्मी पहले दावा कर चुकी हैं कि 2006 में उसके ट्रंप के साथ अंतरंग संबंध थे।

# उत्तर कोरिया ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण



**सियोल, 17 मार्च, 2023।** उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त अभ्यास के खिलाफ अपनी रणनीतिक ताकत का प्रदर्शन करते हुए ह्वासोंग-17 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का परीक्षण किया। प्योंगयांग के सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उत्तर की राष्ट्रपति किम जोंग-उन ने गुरुवार को अपनी छोटी बेटी जू-ए के साथ इस प्रक्षेपण को देखा।

प्रक्षेपण के लिए उत्तर कोरिया ने क्षेत्र में अस्थिर सुरक्षा वातावरण का हवाला दिया। उत्तर कोरिया ने अमेरिका व दक्षिण कोरिया के युद्धाभ्यास को उकसाने वाली कार्रवाई करार दिया है। केसीएनए ने कहा कि ह्वासोंग-17 से जुड़े ड्रिल का उद्देश्य मोबाइल और सामान्य संचालन और देश के परमाणु युद्ध निवारक की विश्वसनीयता की पुष्टि करना था।

केसीएनए ने कहा कि प्योंगयांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लॉन्च किया गया मिसाइल 6,045 किमी की अधिकतम ऊंचाई तक पहुंचा और पूर्वी सागर में उतरने से पहले 4,151 सेकंड के लिए 1,000.2 किमी की उड़ान भरी।

# संयुक्त राष्ट्र में भारत का बजा डंका,52वीं मानवाधिकार परिषद की बैठक में विकास मॉडल की हुई प्रशंसा




**जेनेवा, 18 मार्च 2023।** जिनेवा में 52वीं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की बैठक में भारत का खूब डंका बजा है। इस बैठक में भारत के विकास मॉडल की प्रशंसा हो रही है। बैठक में एनजीओ द्वारा भारतीय शिक्षा मॉडल जिक्र हुआ और संयुक्त राष्ट्र के अन्य सदस्य राज्यों से इसका पालन करने का आग्रह कर रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) एनजीओ के साईं संपत ने अपने मौखिक तौर पर जिनेवा में पढ़ने वाली एक दलित लड़की रोहिणी की कहानी का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि वह भारत सरकार द्वारा दी गई एक करोड़ रुपये की लाभार्थी रही हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में भारत के 20 करोड़ दलित लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए एक सम्मान की बात है। जिनेवा, स्विट्जरलैंड में पीएचडी करने के लिए मुझे छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए मैं भारत सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्ग से आने वाले व्यक्ति के रूप में, मैंने जातिगत भेदभाव देखा है। वहीं भारत में दलितों की स्थिति अन्य पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों की स्थिति से कहीं बेहतर है। साथ ही संपत ने कहा भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और ओबीसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे संविधान की शक्ति के लिए एक वसीयतनामा हैं। इससे पता चलता है कि विविध समुदायों और पृष्ठभूमि के लोग बाधाओं को तोड़ सकते हैं और अवसर पैदा कर सकते हैं।

वहीं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की बैठक में अफ्रीका संघ का प्रतिनिधित्व कर रहे सोमयाजी ने अपने मौखिक हस्तक्षेप के दौरान भारत के विकास के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद से मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत का संविधान सभी नागरिकों को मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है। भारत ने महिलाओं, दलितों और अन्य वंचित समुदायों के अधिकारों को आगे बढ़ाने में प्रगति की है।

# क्या यूक्रेन में युद्ध रोकने के लिए पुतिन को मना पाएंगे शी जिनपिंग?

**हांग कांग, 18 मार्च 2023।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की रूस यात्रा से ठीक पहले अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के खिलाफ वारंट जारी कर इस मामले में नया पहलू जोड़ दिया है। इससे पश्चिमी विश्लेषकों को शी को घेरने का मौका मिलेगा। पश्चिम में आरोप लगाया जाएगा कि जिस नेता के खिलाफ युद्ध अपराध के आरोप में वारंट जारी हुआ है, शी जिनपिंग उनसे मुलाकात कर उन्हें वैधता प्रदान कर रहे हैं।



इस संभावना को देखते हुए चीन समर्थक मीडिया तंत्र भी सक्रिय हो गया है। सोशल मीडिया पर छिड़ी जंग में चीन और रूस के समर्थकों अकाउंट्स ने सवाल उठाए गए हैं कि आईसीसी ने अफगानिस्तान, इराक और लीबिया पर अमेरिका के नेतृत्व में नाटो के हमलों के दौरान हुए कथित युद्ध अपराध के मामलों में ऐसी सक्रियता क्यों नहीं दिखाई? रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की इस प्रतिक्रिया को इन अकांउट्स पर व्यापक रूप से शेयर किया गया है कि आईसीसी के वारंट का टॉयलेट पेपर के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

शी जिनपिंग 20 से 22 मार्च तक रूस की यात्र पर रहेंगे। क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय) ने एक बयान में कहा है कि शी और पुतिन दोनों देशों की व्यापक सहभागिता और रणनीतिक संपर्क को और आगे बढ़ाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने के बारे में भी शी और पुतिन बातचीत करेंगे। क्रेमलिन के मुताबिक इस दौरान दोनों राष्ट्रपति कुछ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय दस्तावेजों पर दस्तखत भी करेंगे।

राष्ट्रपति का तीसरा कार्यकाल शुरू करने के बाद शी की यह पहली विदेश यात्रा है। साथ ही यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पहला मौका है, जब चीन के राष्ट्रपति मास्को पहुंचेंगे। चीन और रूस दोनों अपने संबंध को 'असीमित दोस्ती' बताते हैं। इसके बावजूद यूक्रेन युद्ध में चीन ने तटस्थ रुख अपनाए रखा है।

अब ऐसी खबर है कि इस यात्रा के दौरान शी यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के अपने प्रस्ताव पर राष्ट्रपति पुतिन से बातचीत करेंगे। चीन ने पिछले महीने रूस और यूक्रेन के बीच शांति कायम करने के लिए अपना 12 सूत्रीय प्रस्ताव सामने रखा था। पश्चिमी देशों ने तुरंत उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि इस प्रस्ताव के आधार पर बातचीत आगे बढ़ सकती है। अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक इस बात की संभावना है कि मास्को यात्रा से लौटने के बाद शी जिनपिंग जेलेंस्की से वीडियो वार्ता करेंगे। इस गुरुवार को चीन के विदेश मंत्री चिन गांग ने यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा से फोन पर बातचीत की थी। उस दौरान उन्होंने उम्मीद जताई थी कि यूक्रेन और रूस संवाद और बातचीत के रास्ते पर आएंगे और मसले का राजनीतिक समाधान निकालने का रास्ता बंद नहीं करेंगे। विश्लेषकों के मुताबिक चिन ने यह बातचीत यूक्रेन का मन भांपने की कोशिश में की। अब यूक्रेन की तरफ से मिले संकेतों के आधार पर शी जिनपिंग मास्को में पुतिन से बातचीत करेंगे।

चीन को हाल में ईरान और सऊदी अरब के बीच समझौता कराने में बड़ी सफलता मिली। इसीलिए रूस और यूक्रेन के बीच उसकी मध्यस्थता की कोशिश को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# बातचीत के लिए तारीख और स्थान तय करे सरकार

## इमरान पर शहबाज के आरोपों पर PTI ने दिया ये जवाब

**इस्लामाबाद, 18 मार्च 2023।** पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार से सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक के लिए %तारीख और स्थान% तय करने को कहा है। पीटीआई नेता फवाद चौधरी ने कहा कि सरकार हर रोज बयान दे रही है कि सभी पक्षों को एक साथ बैठकर और मुद्दों को हल करने की पहल करनी चाहिए लेकिन ऐसे वास्तविक बैठकों का आयोजन होना चाहिए।

फवाद बोले- सरकार को बयानों से आगे बढ़ना चाहिए, इमरान भी संवाद के पक्ष में

पीटीआई ने कहा, %सरकार को बयानों से आगे बढ़ना चाहिए और राजनीतिक दलों की बैठक के लिए तारीख और स्थान तय करना चाहिए। इमरान खान पहले ही संवाद के पक्ष में हैं। यह टिप्पणी इमरान खान के उस बयान के ठीक एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह किसी से भी बात करने और देश के लिए कोई भी बलिदान देने के लिए तैयार हैं।



इमरान ने कहा था- लोकतंत्र की खातिर किसी भी बलिदान से पीछे नहीं हटूंगा

उन्होंने कहा, मैं पाकिस्तान के उत्थान, हित और लोकतंत्र की खातिर किसी भी बलिदान से पीछे नहीं हटूंगा। इस संबंध में मैं किसी से भी बात करने और इस दिशा में हर कदम उठाने के लिए तैयार हूं।÷ इमरान खान ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के यह कहने के बाद एक ट्वीट किया था कि राजनीतिक संकट को समाप्त करने के लिए सभी राजनीतिक ताकतों को बातचीत के लिए बैठना होगा।

### पाकिस्तानी पीएम ने इमरान खान पर लगाए थे आरोप

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा था, देश को आगे ले जाने के लिए सभी राजनीतिक ताकतों को एक साथ बैठना होगा उन्होंने कहा था कि इमरान खान की पार्टी को दो बार बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन पार्टी नहीं आई। उन्होंने कहा, हालांकि अन्य सभी नेता हमेशा बातचीत का सहारा लेते हैं, लेकिन पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ का इस संबंध में सकारात्मक जवाब नहीं देने का इतिहास रहा है।

# यूएस हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के सदस्य दक्षिण कोरिया का दौरा करेंगे : सूत्र

**वाशिंगटन, 18 मार्च, 2023।** यूएस हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल चेयरमैन माइकल मैककॉल के नेतृत्व में अगले महीने की शुरुआत में दक्षिण कोरिया का दौरा करने वाला है। राजनयिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों के अनुसार, 5-6 अप्रैल को होने वाली अपनी यात्रा के दौरान, नौ सांसदों ने दक्षिण कोरिया-अमेरिकी गठबंधन को विकसित करने और उत्तर कोरिया की बढ़ती धमकियों के लिए संयुक्त प्रतिक्रिया को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति यून सुक येओल, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष किम जिन-पायो और विदेश मंत्री पार्क जिन से मिलने की योजना बनाई है।



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ वार्ता के लिए यून की वाशिंगटन की राजकीय यात्रा से पहले यह यात्रा हुई है। सोल सरकार दोनों देशों के बीच सैन्य गठबंधन की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर यात्रा के दौरान अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में यून के संबोधन की व्यवस्था करने की कोशिश कर रही है।

सूत्रों ने कहा कि व्यापार, ताइवान और अन्य मुद्दों पर वाशिंगटन और बीजिंग के बीच बढ़ते तनाव के बीच प्रतिनिधि फ्रेंच हिल, यंग किम और एमी बेरा सहित द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल के भी ताइवान और जापान की यात्रा करने की संभावना है।

# यूक्रेन में सीजफायर से रूस को होगा फायदा,चीन के प्रस्ताव का अमेरिका ने ये कहकर किया विरोध



**नई दिल्ली, 18 मार्च 2023।** व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका यूक्रेन में संघर्ष विराम की चीन की मांग का विरोध करता है क्योंकि इससे रूस को फायदा होगा और क्रेमलिन को एक नये आक्रमण की तैयारी करने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने चीनी नेता शी चिनफिंग की अगले सप्ताह होने वाली मास्को यात्रा से पहले संवाददाताओं से कहा,हम अभी संघर्ष विराम के आह्वान का समर्थन नहीं करते।

उन्होंने चीन के आधिकारिक संक्षिप्त नाम पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना का इस्तेमाल करते हुए कहा, हम निश्चित तौर पर संघर्ष विराम की मांग का समर्थन नहीं करते हैं जिसका आह्वान पीआरसी मॉस्को में एक बैठक में करेगा जिससे रूस को फायदा होगा।

### अमेरिका को चिंता-युद्ध विराम से रूसी बलों पर कम हो जाएगा दबाव

संयुक्त राज्य अमेरिका पिछले एक साल से रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की मदद कर रहा है। वह चिंतित है कि युद्धविराम को प्राथमिकता देने से रूसी बलों पर दबाव कम हो जाएगा और क्रेमलिन को क्षेत्र के बड़े हिस्से पर अपनी पकड़ मजबूत करने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा, %संघर्ष विराम होने पर रूस इसका इस्तेमाल यूक्रेन में अपनी स्थिति को और मजबूत करने, अपने बलों के पुनर्निर्माण, पुनर्गठन और उन्हें तरोताजा करने के लिए स्वतंत्र होगा। इससे वे अपनी पसंद के समय पर यूक्रेन पर हमले फिर से शुरू करने में सक्षम हो सकेंगे।

÷हम नहीं मानते कि यह एक न्यायसंगत और टिकाऊ शांति की दिशा में एक कदम है।÷


### राष्ट्रपति जिनपिंग से बात करेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति

किर्बी ने दोहराया कि राष्ट्रपति जो बाइडेन की शी के साथ फोन पर बात करने की योजना है, लेकिन उन्होंने कहा कि फिलहाल इसका कोई कॉल शेड्यूल नहीं है। हालांकि राष्ट्रपति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह राष्ट्रपति शी के साथ बात करने के इच्छुक हैं, पर अभी इसकी प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।

# अमेरिका ने तुर्किये से स्वीडन की नाटो सदस्यता की जल्द पुष्टि करने को कहा,फिनलैंड को हरी झंडी

**नई दिल्ली, 18 मार्च 2023।** अमेरिका ने शुक्रवार को तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन की उस घोषणा का स्वागत किया जिसमें उन्होंने देश की संसद में फिनलैंड की नाटो सदस्यता की पुष्टि करने की प्रक्रिया शुरू करने लेकर कहा है। इसके अलावा तुर्की को सैन्य गठबंधन में स्वीडन के प्रवेश की शीघ्र पुष्टि करने के लिए भी अमेरिका ने प्रोत्साहित किया।

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा, %स्वीडन और फिनलैंड दोनों मजबूत, सक्षम भागीदार हैं जो नाटो के मूल्यों को साझा करते हैं और गठबंधन को मजबूत करेंगे और यूरोपीय सुरक्षा में योगदान देंगे।% अमेरिका का मानना है कि दोनों देशों को जल्द से जल्द नाटो का सदस्य बनना चाहिए।



फिनलैंड को तुर्किये की तरफ से मिल गई हरी झंडी

रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध का अभी कोई परिणाम सामने नहीं नजर आ रहा है। इस बीच फिनलैंड जल्द ही नाटो की सदस्यता प्राप्त कर लेगा। इसके लिए तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन ने अपनी सहमति दे दी है और फिनलैंड का नाटो सदस्यता आवेदन स्वीकार कर लिया।

बता दें कि एर्दोगन की स्वीकृति के बिना, फिनलैंड इसमें शामिल नहीं हो पाएगा क्योंकि नाटो देशों को सर्वसम्मति से नए सदस्यों पर सहमत होना चाहिए। वहीं फिनलैंड के राष्ट्रपति सौली निनिस्तो ने फिनलैंड की नाटो सदस्यता के आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने के फैसले का स्वागत किया।

एर्दोगन ने निनिस्टो के साथ बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से कहा कि हमने अपनी संसद में नाटो में फिनलैंड की परिग्रहण प्रक्रिया की पुष्टि शुरू करने का फैसला किया है। निनिस्टो ने कहा कि उन्होंने इस फैसले का स्वागत किया और इसे फिनलैंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण कहा, फिनलैंड रूस के साथ लंबी सीमा साझा करता है।

रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के जवाब में, स्वीडन और फिनलैंड ने नाटो समझौते में शामिल होने के लिए पिछले साल आवेदन किया लेकिन तुर्किये से अप्रत्याशित आपत्तियों का सामना करना पड़ा। अंकारा का कहना है कि स्टॉकहोम आतंकवादी समूहों के सदस्यों को शरण देता है, इस आरोप से स्वीडन इनकार करता है।

### दोनों देश लंबे समय से नाटो की सदस्यता की कोशिश कर रहे

उल्लेखनीय है कि स्वीडन और फिनलैंड लंबे समय से नाटो का सदस्य बनने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि तुर्किए की आपत्ति के चलते स्वीडन का यह सपना पूरा नहीं हो पा रहा है। नाटो का सदस्य बनने के लिए इसके सभी सदस्य देशों की मंजूरी जरूरी होती है। यही वजह है कि तुर्किए की वजह से स्वीडन नाटो का सदस्य नहीं बन पा रहा है। तुर्किए के खिलाफ कुर्दिस्तान वर्किंग पार्टी अलग देश की मांग को लेकर संघर्ष छेड़े हुए है।

CMYK

# शिक्षकों के पदोन्नति मामले में चल रहा है पैसों का खेल,लाखों में हो रही पोस्टिंग की सेटिंगःसूत्र

## संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग अंबिकापुर के नाम पर हो रही वसूली,वसूली में शिक्षक संघों के नेता शामिल

» पैसा नहीं देने पर होगी दूरस्थ पोस्टिंग,पैसा वसूलने वाले धमका रहे शिक्षकों को

- रवि सिंह -
कोरिया/सूरजपुर 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

शिक्षक पद से प्रधानपाठक माध्यमिक शाला और सहायक शिक्षक से शिक्षक पद पर पदोन्नति का रास्ता उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद साफ हो गया और जैसे ही पदोन्नति का रास्ता साफ हुआ वैसे ही शिक्षक संघों द्वारा वसूली चालू कर दी गई और संघों के पदाधिकारियों द्वारा पदोन्नत होने वाले शिक्षकों को पैसा नहीं देने पर इस बात को लेकर धमकाया जा रहा है की पैसा नहीं देने पर दूर जगहों पर पोस्टिंग कर दी जायेगी जहां से वापस निकट आना मुस्किल ही नहीं नामुमकिन होगा और लाखों तबादला करवाने में लग जायेंगे। इस संबंध में एक शिक्षक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया की यह वसूली एक जिले में ही जारी नहीं है यह वसूली पूरे संभाग में हो रही है और बकायदा संयुक्त संचालक का नाम भी वसूली में लिया जा रहा है। मनचाहे जगह पोस्टिंग के लिए शिक्षकों से लाखों वसूले जा रहें हैं और जिन शिक्षकों को अन्यत्र पोस्टिंग हो जाने का भय है वह पैसा दे भी चुके हैं ऐसी भी बात बताई जा रही है।

पोस्टिंग के लिए शिक्षक संघ के नेता व ब्लॉक स्तर के विभागीय कार्यालयों में मांगा जा रहा है पैसा- मनचाही पोस्टिंग के लिए शिक्षक संघ के नेता और ब्लॉक स्तर के विभागीय कार्यालयों के कर्मचारियों द्वारा पैसा मांगा जा रहा है यह बताया जा रहा है। पैसा देने पर मनचाही पोस्टिंग ब्लॉक स्तर पर ही कागजों में तय कर दी जा रही है और वही कागज देखकर पोस्टिंग संयुक्त संचालक कार्यालय से होगी यह दावा भी किया जा रहा है। जिस विश्वास के साथ पैसे की मांग की जा रही है और जिस विश्वास के साथ पोस्टिंग के लिए आश्वस्त किया जा रहा है उसे देखकर लगता है यह खेल बड़े स्तर का है और इसमें बड़े अधिकारी शामिल नहीं होंगे यह कहना अभी गलत होगा।




### न्यायालय से मिला शिक्षकों को न्याय,अब वसूली कर किया जा उनके साथ अन्याय

उच्च न्यायालय ने पदोन्नति मामले में शिक्षकों के साथ देर से ही सही न्याय किया और शिक्षकों को पदोन्नति मिलने जा रही है वहीं इस पदोन्नति में पोस्टिंग के लिए पैसे का जो खेल खेला जा रहा है उसे देखकर कहा जा सकता है की न्यायालय की न्याय के बाद शिक्षकों के साथ पोस्टिंग पैसे मांगकर अन्याय किया जा रहा है जो गलत है।

### काउंसलिंग से पोस्टिंग किए जाने पर नहीं होगा शिक्षकों के साथ अन्याय

शिक्षकों की मानें तो यदि पदोन्नति की पोस्टिंग काउंसलिंग के माध्यम से की जाए तो शिक्षकों को मनचाही पोस्टिंग भी मिल सकती है वहीं उन्हे आर्थिक नुकसान से भी बचाया जा सकता है। पोस्टिंग में काउंसलिंग की मांग भी शिक्षकों की है और वह चाहते हैं की पोस्टिंग पारदर्शी तरीके से हो।

### क्या विभाग के उच्च अधिकारी मामले में लेंगे संज्ञान या अनजान बनकर वसूली में रहेंगे शामिल?

पूरे मामले में विभाग के उच्च अधिकारी क्या संज्ञान लेकर वसूली को रोकने का प्रयास करेंगे या वह वसूली रोकने की बजाय इसमें शामिल रहेंगे। यदि वसूली रोकी नहीं गई तो पदोन्नति में करोड़ों की वसूली संभव है और यह एक बहुत बड़ा घोटाला शिक्षा विभाग में होने वाला है जिससे जानकर भी अनजान बनने का विभागीय अधिकारी प्रयास कर रहें हैं।

### शिक्षक संघ शिक्षकों की सहायता की जगह शामिल हो रहे वसूली में

शिक्षक संघ के नेता जो शिक्षकों की मदद करने के लिए काम करने का दावा करते हैं और नाजायज वसूली का उन्हे विरोध करना चाहिए वह स्वयं इसमें शामिल होकर शिक्षकों को दूरस्थ पोस्टिंग का भय दिखाकर वसूली कर रहे हैं जो सोचनीय विषय है। जिन संघों का काम शिक्षकों को अनावश्यक वसूली से बचाना है वह स्वयं इसमें शामिल हैं यह गंभीर विषय है शिक्षक संघों के औचित्य पर ही प्रश्नचिन्ह लगा रहा है मामला। वहीं मामले में किसी भी शिक्षक संघ द्वारा काउंसलिंग की मांग न किया जाना और वसूली का विरोध न किया जाना बताता है की उनकी मामले में सहमति है और वह शिक्षकों के शोषण में भागीदार हैं।

### हेमंत उपाध्याय संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग सरगुजा संभाग

शिक्षा विभाग के सरगुजा संभाग के संयुक्त संचालक से पदोन्नति में पोस्टिंग के लिए पैसे की मांग की बात को लेकर जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा की पैसा कौन मांग रहा है इसकी जानकारी उपलब्ध कराइए मैं उस व्यक्ति पर कार्यवाही करूंगा वहीं उनसे जब पदोन्नति में पोस्टिंग कैसे की जाएगी इसबारे में पूछा गया तो उन्होंने यह कहा की शासन से क्या निर्देश प्राप्त होता है यह इसके बाद तय होगा की पदोन्नति में पोस्टिंग काउंसलिंग के माध्यम से की जायेगी या सीधे पोस्टिंग की जाएगी। संयुक्त संचालक की बातों से यह स्पष्ट हो गया की पैसे की मांग निचले स्तर पर ही की जा रही है और इसकी जानकारी उन्हे नहीं है।



# कलेक्टर,सीईओ ने किया रीपा अंतर्गत गौठनों में किए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

» विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्माणाधीन अधोसंरचना को समय अवधि में पूर्ण करने के दिए निर्देश

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने कोरिया जिले में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना अंतर्गत चयनित बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम गौठान आनी और विकासखंड सोनहत के गौठान घुघरा और कुशहा का निरीक्षण किया। उन्होंने महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) अंतर्गत चल रहे विभिन्न अधोसंरचना निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली एवं रीपा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्माण कार्यों को समय अवधि में पूर्ण करने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। ग्रामीण औद्योगिक पार्क स्थापित करने के पीछे राज्य सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले उत्पाद स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश और देश में भी अपनी पहचान और व्यवसाय स्थापित करें। कलेक्टर ने विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्माण किए जा रहे शेड कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# संभागायुक्त डॉ. अलंग पहुंचे सी मार्ट,स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की ली गई जानकारी





» अब तक 56 लाख का हुआ विक्रय महिलाओं ने बताया, अचार,पापड़ और जीराफूल चावल की मांग ज्यादा,डॉ. अलंग ने बेहतर काम करने किया उत्साहवर्धन

» तंबाकू उत्पाद निषेध अभियान दिवस के अवसर पर आज डॉ अलंग ने जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

संभागायुक्त डॉ. संजय कुमार अलंग आज जिला प्रवास के दौरान कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के साथ जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर स्थित सी मार्ट पहुंचे। उन्होंने यहां स्व-सहायता समूहों, स्थानीय संगठनों, संस्थाओं द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों खाद्य सामग्रियों, मसाले, साबुन, हथकरघा, वनोपज, टेरोकोटा , हेंडी क्राफ्ट, गोबर पेंट इत्यादि का अवलोकन किया।

संभागायुक्त डॉ अलंग ने सी-मार्ट की संचालक महिलाओं से उत्पादों की जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सी मार्ट के माध्यम से महिलाओं के स्वरोजगार के अवसर बढ़ें हैं, इसी प्रकार मेहनत कर आगे बढ़े। उन्होंने महिलाओं से विक्रय की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि अब तक 56 लाख का विक्रय किया गया है। इस दौरान उन्होंने विक्रय और सामग्री के रजिस्टर संधारण की जानकारी ली तथा नियमित बैठक किए जाने, आय-व्यय का लेखा हेतु सेक्रेटरी रखे जाने निर्देशित किया।

तंबाकू उत्पाद निषेध अभियान दिवस के अवसर पर संभागायुक्त, कलेक्टर ने जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना- राज्य में आज तंबाकू उत्पाद निषेध अभियान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सरगुजा संभाग आयुक्त डॉ संजय कुमार अलंग ने आज बैकुण्ठपुर में जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन उपस्थित थे। जागरूकता रथ द्वारा तंबाकू के उपयोग विशेषकर गैर धूम्रपान या चबाने वाला तंबाकू के उपयोग से होने वाली हानि के प्रति लोगों में जन चेतना और गैर धूम्रपान या चबाने वाले तंबाकू का उपयोग नहीं करने के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# धू-धू कर जलने लगा पैरा,ट्रेक्टर ओवरलोड होने से हो सकती थी बड़ी दुर्घटना

» बिजली तार में सटने से पैरा में लगी आग

- संवाददाता -
उदयपुर, 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

रामगढ़ रोड से चकेरी जा रही पैरा लोड ट्रैक्टर मंदिर के सामने बिजली तार के संपर्क में आई और स्पार्क करने से निकली चिंगारी से पैरा में आग लग गई।

ट्रैक्टर चालक द्वारा ट्रैक्टर को 500 मीटर की दूर तक जलते हालत में खाली जगह पर ले जाया गया। इस दौरान आग लगा हुआ पैरा का हिस्सा सड़क पर थोड़ा थोड़ा गिरता रहा । लोगों में कुछ देर के लिए भय व्याप्त रहा सड़क किनारे खड़ी कार और पेट्रोल वाली गाड़ियों के मालिक काफी परेशान नजर आए।





सब स्टेशन उदयपुर के समीप खाली जगह पर जाकर ट्रैक्टर को चालक द्वारा रोका गया और ट्रैक्टर के इंजन को ट्राली से अलग किया गया।

घटना की सूचना पर पांच मिनट के भीतर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची तथा आसपास के दो तीन घरों से पाइप लेकर 112 की टीम के आरक्षक रामकुमार व चालक रामकुमार तथा स्थानीय ग्रामीणों सतीश सोनी निरंजन और ट्रैक्टर के चालक द्वारा आग बुझाने की कोशिश की जाने लगी डेढ़ घंटे तक आग पर नियंत्रण रखा गया फिर फायर बिग्रेड की टीम सायं 7 बजे करीब आई और आग को पूरी तरह से बुझाने में सफलता मिली।

# हसदेव बांयी एवं दांयी तट नहर निर्माण पश्चात शेष अर्जित भूमि नहर मरम्मत के लिए उपयोगी

» उक्त भूमि का व्यावसायिक उपयोग हेतु अनुमति नहीं, हसदेव बैराज संभाग ने जारी किया आम सूचना

- संवाददाता -
कोरबा, 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



हसदेव बायीं तट नहर एवं दांयी तट नहर में आने वाली भूमि को नहर निर्माण के लिए अर्जित किया गया है। कार्यपालन अभियंता हसदेव बैराज जल प्रबंध संभाग रामपुर कोरबा ने आम सूचना जारी करते हुए कहा है कि नहर निर्माण पश्चात् शेष बची भूमि नहर मरम्मत के लिए उपयोगी है। जिसे किसी अन्य उपयोग जैसे नर्सरी, बागवानी, खाद बनाने व साग-सब्जी उगाने के लिए हसदेव बैराज संभाग द्वारा नहीं दिया जा सकता है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जल संसाधन विभाग की भूमि को निजी उपयोग के लिए नहीं दिया जाता है । अतः इस हेतु कोई भी आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि किसी के द्वारा अतिक्रमण करते पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ लोक परिसर बेदखली अधिनियम 1974 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अतिक्रमणकर्ता की होगी।

# मतदान केंद्रो के भौतिक सत्यापन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली बैठक

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा प्रेषित पत्र के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने आज जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन के सम्बंध में जिले के सभी बीएलओ की समीक्षा बैठक ली। तीन पाली में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 बैकुण्ठपुर तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत के कुल 305 मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भौतिक सत्यापन हेतु निर्धारित प्रारूप की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बैठक में कहा कि भौतिक सत्यापन में गम्भीरता बरतें, प्रारूप में दिए सभी बिंदुओं का अवलोकन कर वास्तविक स्थिति के अनुरूप प्रारूप 26 मार्च तक अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय या तहसील कार्यालय में भरकर जमा करें तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क करें।




कलेक्टर श्री लंगेह ने नियुक्त अधिकारियों को भौतिक सत्यापन प्रारूप प्राप्त होने के पश्चात स्वयं जाकर वास्तविक स्थिति का सत्यापन किए जाने निर्देशित किया। भौतिक सत्यापन में मुख्य रूप से मतदान केन्द्रों के फोटोग्राफ, ए.एम.एफ, ई.एम.एफ., सहायक मतदान केन्द्रों के निर्माण की संभावना, मतदान दलों की रवानगी संबंधी पी-2, पी-3 के रुट आंकलन करने तथा क्रिटिकल, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों के पहचान किया जाना है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लंगेह ने उपस्थित सभी बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को गम्भीरतापूर्वक पढ़कर पालन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान सूची तैयार करने, सूची में नाम जुड़वाने तथा कटवाने, दिव्यांगजनों तथा तृतीय लिंग के चिन्हांकन किए जाने में गम्भीरता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची पूर्णतः त्रुटिरहित हो, इसका ध्यान रखें।

बैठक में मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन, कंट्रोल टेबल मैनेजमेन्ट सिस्टम में मतदान केन्द्रों तथा न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं के फोटोग्राफ्स अपलोड करना, मतदान केन्द्रों के न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं के सत्यापन, मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं सुनिधित करने, भवन/ नाम / स्थल परिवर्तन आवश्यक होने पर संबंध में, पी-3 एवं पी-2 मतदान केन्द्रों का अभिनिर्धारण, निर्वाचन के दौरान आवश्यक होने पर सहायक मतदान केन्द्रों की स्थापना, क्रिटिकल, संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का अभिनिर्धारण, निर्वाचन के दौरान आवश्यक होने पर मतदान केन्द्रों के शिफ्टिंग का आंकलन एवं पहचान के सम्बंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनिल सिदार, एसडीएम बैकुण्ठपुर श्रीमती अंकिता सोम, एसडीएम सोनहत श्री अमित सिन्हा तथा सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# 22 मार्च हिन्दू नववर्ष पर सर्व हिंदू समाज द्वारा ऐतिहासिक शोभायात्रा का किया जाएगा आयोजन







- संवाददाता -
कोरबा, 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

हर बार की तरह सर्व हिंदू समाज ने इस महापर्व की भव्यता बनाये रखने के लिए शहर को भगवामय करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसकी जानकारी प्रेस वार्ता लेते हुए हिंदू क्रांति सेना आयोजन समिति अध्यक्ष राहुल चौधरी ने बताया कि शोभायात्रा में पूरे समय श्री श्री 1008 रितेश्वर महाराज उपस्थित रहकर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। शहर के प्रमुख चौक चौराहे देवी देवताओं के कट आउट,झालर,बैनर और पोस्टर से सुसज्जित किया जाना है। सर्व हिंदू समाज द्वारा इस दिन विशाल बाइक रैली व भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। इसमें सभी समाज की समान सहभागिता रहेगी । शोभा यात्रा कोसाबाड़ी स्थित श्री हनुमान मंदिर से चलकर टैगोर उद्यान ट्रांसपोर्ट नगर तक शहर के प्रमुख चौराहों से गुजरेगी।सर्व हिंदू समाज ने इस आयोजन में देश के विभिन्न लोक नर्तकों को भी आमंत्रित किया है। इस ऐतिहासिक रैली को छत्तीसगढ़ के सुपरस्टार श्री अनुज शर्मा जी,बाहुबली वीर बजरंगी(दिल्ली),श्री राधा कृष्ण झांकी (वृंदावन),रुद्र महादेव झांकी (बनारस),काली मां की झांकी(उत्तरप्रदेश),क्रेन लाइट शो(शुभ इवेंट्स,कोरबा और भी ज्यादा दर्शनीय बनाएंगे। रैली के साथ साथ ही जयपुर से आ रहे ऊंट व घोड़े कदमताल मिलाएंगे।कार्यक्रम का ब्यौरा देते हुए बताया कि शोभायात्रा सीतामढ़ी स्थित श्री राम-जानकी मंदिर में भव्य पूजा-अर्चना उपरांत प्रारंभ होगी। उसके पश्चात सीतामढ़ी, पुराना बस स्टैंड, रेलवे क्रॉसिंग, पावर रोड होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर चौक से होकर नया बस स्टैंड पहुंचकर शोभायात्रा का समापन होगा। इस दौरान रास्ते भर प्रसाद एवं भोग का वितरण किया जाता रहेगा। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया जाएगा। व्यापारी व सामाजिक संगठनों के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए स्वल्पाहार, शरबत-पानी आदि की व्यवस्था की जाएगी।उन्होंने जिला वासियों से अपील किया है कि शोभायात्रा आयोजन के दौरान अपने चार पहिया वाहनों से शहर में अनावश्यक कार्य से प्रवेश ना करें ढ्ढ शोभायात्रा में उमडने वाली भीड़ के कारण शहर की सडक़ों पर निस्संदेह जाम की स्थिति निर्मित होगी और इसलिए वे यात्री जिन्हें ट्रेन पकडऩा हो उनके लिए मानिकपुर से होकर रेलवे स्टेशन पहुंचने का रूट निर्धारित किया गया है। शोभायात्रा में शामिल होने आने वालों के लिए शहर के बाहर पार्किंग स्थल चिन्हित किया जा रहा है जहां पर अपनी वाहन खड़ी कर यात्रा में शामिल होंगे। शहर वासियों से अपील की है कि इस भव्य ऐतिहासिक आयोजन को निर्बाध रूप से सफल बनाने में हिंदू क्रांति सेना को सहयोग प्रदान करें और कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए यथासंभव सहयोग का निवेदन सर्व हिंदू समाज द्वारा किया गया है।

## प्रशासन के उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपने पर भी नहीं मिल रहा है न्याय

- संवाददाता -
एमसीबी 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

एमसीबी जिले के जनकपुर क्षेत्र में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की हुई बैठक व मूलनिवासी संगठन के लोगों ने दिया साथ, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष सुखलाल सिंह मरावी का कहना है कि बबलू बैगा पिता



प्रेमलाल व प्रेमलाल आत्मज शुक्ला राम बैगा की पुश्तैनी भूमि के रिकॉर्ड मे हेराफेरी करने के मामले में शासन-प्रशासन की कोई कार्रवाई नहीं होने से आंदोलन करने की बनाई योजना एम सी बी जिले के ग्राम जनकपुर में बीते फरवरी माह में अतिक्रमण हटाने आये प्रशासनिक अमला के 1 दिन बाद प्रेमलाल बैगा की पीड़ित परिवार के कहने के अनुसार सदमे से हुई मौत के मामले में आज पुनः गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व मूलनिवासी संगठन के लोगों ने गेंदलाल उर्फ बबलू बैगा के घर बैठक कर शासन-प्रशासन को बार बार आवेदन देने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं होने पर आगामी तिथियों में आंदोलन करने की योजना बना रहे हैं जिसमें संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ऐसा संगठन के लोगों का कहना है वही बबलू बैगा हाई कोर्ट के शरण में जा चुका है वहां से 3 महीने के अंदर निराकरण मांगे जाने की कार्रवाई की गई है देखना यह है इस मामले में शासन प्रशासन के द्वारा कितना कारगर कार्रवाई किया जा रहा है जिसे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके वही पीड़ित परिवार अपने पिता के स्वर्गवास होने की जिम्मेदारी शासन प्रशासन के ऊपर लगाकर 5 लाख रुपए की मुआवजे की मांग की जिसमें अनुविभागीय अधिकारी आवेदन लेने के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं उनका कहना है कि इतना पैसा कौन देगा जनपद सदस्य लल्लारा बैगा यह भी आरोप लगाया कि आए दिन आदिवासियों व मूल निवासियों के साथ दुर्व्यवहार करने की घटना सामने आ रही है और कहीं ना कहीं उनका शोषण किया जा रहा है जिसका हम विरोध करेंगे और करते रहेंगे अगर समय रहते शासन प्रशासन ध्यान नहीं देती है हमारी मांगों पर बहुत बड़ा आंदोलन करेंगे,सुखलाल सिंह मरावी ब्लॉक अध्यक्ष गोगपा ,लल्लाराम बैगा जनपद सदस्य ,रमेश बैगा ,बाबूलाल बैगा ,रामदेव सिंह परस्ते जिला उपाध्यक्ष गोगपा एमसीबी उपस्थित रहे।

## वन अमला ने अतिक्रमणकारियों के इरादों को दो जेसीबी व तीन ट्रैक्टर को जब्त कर किया ध्वस्त



- संवाददाता -
कोरबा, 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

जिले में भू-माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि शहर में जहां भी खाली जमीन दिख रही वहीं भू माफियाओं द्वारा खाली पड़ी जमीनों पर किया जा रहा कब्जा अब जिले के वन भूमि में भी अवैध कब्जे का दौर शुरू हो गया है।कोरबा वन मंडल के बालको क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चुहिया के समीप कुछ लोग द्वारा दो जेसीबी व तीन ट्रैक्टर वाहन लगाकर वन भूमि को कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। उनके द्वारा भूमि को समतलीकरण कार्य कराया जा रहा था। जिला वन मंडल अधिकारी अरविंद पी को इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने तत्काल बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार को कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर लगे दो जेसीबी व तीन ट्रैक्टर को मौके से जब्त किया गया है। वन विभाग द्वारा मामले में छानबीन की जा रही है कि आखिर किसके इशारे पर यह समतलीकरण का कार्य किया जा रहा था।

# मानिकपुर खदान ने बहुत हो गया उन्चास,अबकी बार बावन पचास के नारे को किया साकार




- संवाददाता -
कोरबा, 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

मानिकपुर खदान ने बहुत हो गया उनचास, अबकी बार बावन.पचास के नारे को साकार करते हुए फिर समय से पहले कोयला उत्पादन का लक्ष्य पूरा कर लिया है। इसे लेकर खदान के ठेका श्रमिकों का सपरिवार सम्मान कर हौसला बढ़ाया गया। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर की टीम ने वित्तीय वर्ष के शुरुआत में उक्त नारा दिया था, जिसे 15 मार्च को मानिकपुर खान ने पुन- कीर्तिमान स्थापित करते हुए कोयला उत्पादन लक्ष्य 52.50 लाख टन समय से पहले ही प्राप्त कर लिया।इस उपलब्धि पर एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक बी एन सिंह के निर्देशानुसार सर्वप्रथम अंतिम पंक्ति के कामगार ठेका श्रमिक का सम्मान समारोह आयोजित किया गया ढ्ढ जिसमें मानिकपुर के ठेका श्रमिक सपरिवार शामिल हुए।मानिकपुर माइन ने वित्तीय वर्ष 2014-15 से लगातार नौवें वर्ष में भी कोयला उत्पादन के लक्ष्य को समय पूर्व हासिल किया है। वर्ष 17-18 तक कोयला उत्पादन 35 लाख टन था तथा उसके बाद 49 लाख टन कोयला उत्पादन के लिए पर्यावरण अनुमति मिलने के बाद लगातार चार वर्षों से 49 लाख टन का कोयला उत्पादन हो रहा था। परंतु इस वर्ष 52.50 लाख टन के लक्ष्य को भी पूरा कर लिया गया। कार्यक्रम में मानिकपुर के खान प्रबंधक राजेश कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीम भावना से कार्य करते हुए सभी के सामूहिक प्रयास से ही हमने यह लक्ष्य हासिल किया। महाप्रबंधक और अन्य उपस्थित अधिकारियों, यूनियन प्रतिनिधियों ने पहले ठेका श्रमिकों को भोजन कराया और बच्चों को टॉफी का वितरण कर भोजन कराया गया। मानिकपुर के जेसीसी सदस्य, श्रमिक प्रतिनिधि एवं अधिकारी के साथ बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक परिवार सहित शामिल हुए ।कार्यक्रम का संचालन विनोद सिंह प्रबंधक कार्मिक ने किया। कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक बी एन सिंह ने कहा कि आप सभी ठेका श्रमिक की मेहनत का ही प्रतिफल है कि हम लक्ष्य हासिल कर सके , आप सभी बधाई के पात्र हैं। उपस्थित ठेका मजदूरों की पत्नियों एवं परिवार के सदस्यों से समस्याएं पूछी गई। समस्याओं का निराकरण महाप्रबंधक द्वारा किया गया। कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक (संचालन) अजय तिवारी ने मानिकपुर की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि ठेका श्रमिक हमारे परिवार के हिस्सा है। सुरक्षा की प्रथम प्राथमिकता के साथ कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल करना गर्व की बात है। मानिकपुर के उप महाप्रबंधक एच के प्रधान ने सभी ठेका श्रमिकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसा आयोजन जब सबसे निचले स्तर के कामगार अपने योगदान के लिए सम्मानित और गौरवान्वित हो तब नई दिशा की प्रेरणा बनता है। कामगारों द्वारा सम्मान लेते हुए पूरे परिवार की खुशी भरे चेहरे मेरी स्मृतियों में हमेशा रहेंगे।

## तंबाकू निषेध जागरूकता के लिए तंबाकू उत्पाद निषेध दिवस का हुआ आयोजन






» कोटपा अधिनियम के तहत तंबाकू उत्पाद विक्रय केंद्रों में की गई चलानी कार्यवाही

- संवाददाता -
कोरबा, 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

तंबाकू उत्पादों के उपयोग नहीं करने हेतु लोगों को जागरूक करने 17 मार्च को तंबाकू उत्पाद निषेध दिवस मनाया गया। कलेक्टर संजीव झा के निर्देशानुसार जिले में तंबाकू उपयोग विशेषकर गैर धुम्रपान या चबाने वाला तंबाकू के उपयोग से होने वाली हानि के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं में तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान एवं शासकीय कार्यालयों में धुम्रपान एवं तंबाकू मुक्त कार्यालय का बोर्ड लगाया गया। साथ ही कोटपा अधिनियम के तहत पांच तंबाकू उत्पाद विक्रय केंद्रों में चालानी कार्यवाही की गई। इसके अंतर्गत तंबाकू उत्पाद जब्तीकरण, विनष्टीकरण एवं एक हजार रुपए जुर्माने की कार्यवाही की गई। कलेक्टर श्री झा एवं सीएमएचओ डॉ. केसरी ने जिलेवासियों से तंबाकू या तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन नहीं करने की अपील की है। तंबाकू निषेध दिवस पर चालानी कार्यवाही टीम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, एनसीडी कंसल्टेंट डॉ. नरेंद्र, श्री दुष्यंत कोटांगले, श्रीमती कमलेश्वरी डीआई सहित पुलिस बल के जवान शामिल रहे। सीएमएचओ डॉ. केसरी ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू उत्पाद का प्रयोग करते हैं। 15 वर्ष आयु वर्ग के शाला प्रवेशी बच्चों एवं युवाओं द्वारा तंबाकू उत्पाद का उपयोग चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि तंबाकू का व्यसन शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे मुंह का कैंसर, फेंफड़ो के जटिल रोग एवं तंत्रिका तंत्र की शिथिलता जैसी शारीरिक समस्याएं जन्म लेती है। इससे हृदय तथा रक्त संबंधी रोग भी बढ़ते हैं। इस संबंध में जागरूकता लाने के उद्देश्य से 17 मार्च को तंबाकू उत्पाद निषेध दिवस जिले में मनाया गया।

## प्रयास प्रवेश परीक्षा आवेदन के साथ मेडिकल सर्टिफिकेट अनिवार्य नहीं

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आवेदन के साथ मेडिकल सर्टिफिकेट की अनिवार्यता नहीं है। परीक्षा में चयन होने पर मेडिकल सर्टिफिकेट की आवश्यकता होगी।

**चयन होने पर होगी आवश्यकता**

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री डीपी नागेश ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9 वी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन के साथ मेडिकल सर्टिफिकेट जमा नहीं करना है। प्रवेश परीक्षा में चयन उपरांत ही मेडिकल सर्टिफिकेट की आवश्यकता होगी। विद्यार्थी व पालक प्रवेश परीक्षा आवेदन के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने में समय न गंवाएं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन भरने के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु संपर्क नंबर भी जारी किया गया है।



## कुनिया में फौती-नामांतरण के 30 प्रकरण दर्ज

- संवाददाता -
अम्बिकापुर ,18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देशानुसार शनिवार को मैनपाट जनपद के ग्राम पंचायत कुनिया में राजस्व विभाग द्वारा समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों की समस्या सुनी गई। मौके पर बी-1 वाचन से मांझी जनजाति के लगभग 30 लोगों का फ़ौती नामान्तरण हेतु प्रकरण दर्ज किया गया। मांझी जनजाति के इन कृषकों का फ़ौती नामान्तरण लंबे समय से दर्ज नही हुआ था। मौके पर फ़ौती नामान्तरण दर्ज होने से किसानों को राहत मिली।

तहसीलदार श्री शिवनारायण राठिया ने बताया कि मैनपाट में मांझी, मंझवार आदि जनजाति में जानकारी के अभाव में फ़ौती नामान्तरण के मामले कई वर्षों से लम्बित हैं जिन्हें शिविर लगा कर निराकरण किया जा रहा है।

शिविर में ग्राम सरपंच, हल्का पटवारी श्री चन्द्र देव मिर्रे, नागेश्वर यादव व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## स्वच्छता रथ को दिखाया गया हरी झण्डी

» रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्वच्छता संदेश का करेंगे प्रचार-प्रसार



- संवाददाता -
कोरबा, 18 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री संजीव झा ने कलेक्टोरेट परिसर से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छता रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्वच्छता संदेश का प्रचार-प्रसार करेंगे। इसके तहत गांव में खुले शौच मुक्त स्थायित्व को बनाये रखने, सामुदायिक एवं हाईवे शौचालय का निर्माण, कोष कचरा प्रबंधन एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूकता का कार्य किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों की तर्ज पर गांवो का भी स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाएगा। प्रचार-प्रसार रथ जिले के सभी विकासखंड के गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। इसके अंतर्गत ग्रामीणों को स्वच्छ आदतों को अपनाने के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही भोजन से पहले एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोने, शौचालय का नियमित उपयोग करने, व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान देने, पेयजल एवं भोज्य पदार्थों को हमेशा ढक कर रखने, कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने, घर से निकलने वाले गीला कचरे से घरों पर ही जैविक खाद तैयार करने एवं धार्मिक स्थल, तालाब, पेयजल स्रोतों को स्वच्छ रखने के बारे में जागरूक किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन का प्रथम चरण 2014-2019 तक रहा है। वर्तमान में स्वच्छ भारत मिशन का द्वितीय चरण संचालित है, जो कि 2020-21 से 2024-25 तक प्रभावशील होगी। द्वितीय चरण का मुख्य उद्देश्य गांव की खुले में शौच मुक्त स्थिति को बनाए रखना और ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के स्तर में सुधार लाकर उन्हें ओडीएफ प्लस गांव बनाना है। साथ ही घरों एवं सामुदायिक स्तर पर कम्पोस्ट पीट तथा प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के कार्य भी प्रस्तावित किए गए हैं। मिशन अंतर्गत गोबरधन योजना के तहत मवेशियों के मल, सब्जी के अपशिष्ट तथा अन्य जैव अपशिष्टों से बायो गैस प्लांट लगाये जाने के प्रावधान हैं। तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत रसोई तथा स्नानागार से निकलने वाले गंदे जल और बारिश के पानी के लिए निजी तथा सामुदायिक सोक पीट निर्मित किए जाने के प्रावधान हैं, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सोख्ता पिट का निर्माण किया जा रहा है।

आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
सुविधाएँ : • पर्सनल लोन • बिजनेस लोन • प्रॉपर्टी लोन • होम लोन • जीवन बीमा • स्वास्थ्य बीमा • गाड़ी फाइनेंस • बैंकिंग ग्राहक सेवा केन्द्र
निःशुल्क फ्रेंचाइजी लेकर काम करने इच्छुक व्यक्ति भी संपर्क कर सकते हैं.
प्रमुख बैंकों व कई फाइनेंस कंपनियों द्वारा अधिकृत
आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
गुदरी गली, सेन्ट्रल बैंक के सामने अम्बिकापुर
मो.: 9993567065, 6232267065, 9754461011
Advt.B.19.3.23

## कार्यालय प्रमुख अभियंता,

**लोक निमाण विभाग,नवा रायपुर,अटल नगर**

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 127498 (प्रथम आमंत्रण) 15.03.2023 | जिला सूरजपुर के सूरजपुर छट घा-सरस्ववतीपुर से रामनगर तक सड़क लंबाई 3.77 कि.मी. का निर्माण कार्य। (CGRIDCL) | 633.25 |
| 2 | 127952 (चतुर्थ आमंत्रण) 15.03.2023 | बिलासपुर में 1500 बंदी जेल भवन का निर्माण, वा.स.से.फि विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग का कार्य। | 11670.27 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 02 दिनांक 27.03.2023 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 05.04.2023 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देख जा सकते हैं।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता
लो.नि.वि.,नवा रायपुर अटल नगर

जी नंबर-99391/3

# अगस्त में आयरलैंड के दौरे पर जाएगी टीम इंडिया

**» तीन मैचों की टी 20 सीरीज खेली जाएगी**

**नई दिल्ली, 18 मार्च 2023।** भरतीय टीम को इस साल अपनी सरजमीं पर वनडे वर्ल्ड कप खेलना है। इससे पहले टीम इंडिया का शेड्यूल काफी टाइट रहेगा। अगस्त में भारतीय टीम आयरलैंड के दौरे पर जाएगी और तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। ये मुकाबले मालाहिदे में 18 से 23 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। इसके बाद टीम इंग्लैंड जाकर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। यह सीरीज 20 से 26 सितंबर के बीच खेली जाएगी।

क्रिकेट आयरलैंड ने शुक्रवार को 2023 के लिए अंतरराष्ट्रीय शेड्यूल की घोषणा की। इस दौरान टीम बांग्लादेश और भारत के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेलेगी। आयरिश टीम बांग्लादेश के दौरे पर जाएगी और 18 मार्च से आठ अप्रैल के बीच तीनों प्रारूपों के मैच खेलेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच तीन टी20, तीन वनडे और एकमात्र टेस्ट खेला जाएगा।

इसके बाद आयरिश टीम श्रीलंका का दौरा करेगी और 16 अप्रैल से 28 अप्रैल के बीच श्रीलंकाई टीम के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इसके बाद एंड्रयू बालबिर्नी की टीम बांग्लादेश के खिलाफ केम्सफोर्ड में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। यह मुकाबले नौ से 14 मई के बीच खेले जाएंगे। यह मुकाबले आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग का हिस्सा होंगे।




इसके बाद आयरलैंड लॉर्ड्स में एक से चार जून के बीच इंग्लैंड के खिलाफ इकलौता टेस्ट खेलेगा। ये नए कन्फर्म फिक्स्चर आयरलैंड टीम के छह महीने के व्यस्त कार्यक्रम को पूरा करते हैं जो इस महीने बांग्लादेश और श्रीलंका के दौरे के साथ शुरू होगा। कुल मिलाकर आयरलैंड की टीम मार्च और सितंबर के बीच 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी।

अगर वे सुपर लीग के माध्यम से आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने में विफल रहते हैं, तो उनका व्यस्त कार्यक्रम आगे बढ़ाया जा सकता है। इस साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिए क्वालिफायर मुकाबले 18 जून से नौ जुलाई के बीच जिम्बाब्वे में खेले जाएंगे। आयरलैंड की टीम स्कॉटलैंड में 20 से 28 जुलाई के बीच आईसीसी टी20 विश्व कप यूरोपीय क्वालिफायर में भी हिस्सा लेगी।




## महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप: जैसमीन और शशि अगले दौर में

**नई दिल्ली, 18 मार्च 2023।** 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैसमीन लैम्बोरिया और शशि चोपड़ा ने महिंद्रा आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप ने शानदार जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारत की सबसे कुशल युवा मुक्केबाज़ों में से एक जैसमीन ने 32 बाउट के 60 किग्रा राउंड में तंजानिया की न्यामबेगा बीट्राइस एम्ब्रोस के खिलाफ रेफरी स्टॉपिंग द कॉन्टेस्ट्स (आएससी) जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। हरियाणा की 21 वर्षीय मुक्केबाज़ ने अपने आक्रमण के इरादे से फ्रंट फुट पर शुरुआत की और पहले राउंड में विजेता घोषित होने से पहले केवल 12 सेकंड के भीतर अपने प्रतिद्वंद्वी को रस्सियों से घेरने के लिए मुक्कों की झड़ी लगा दी।

टूर्नामेंट की सबसे तेज जीत में से एक के बाद, जैस्मीन अगले दौर में ताजिकिस्तान की समदोवा मिजगोना से भिड़ेंगी। दूसरी ओर शशि ने भी 63 किग्रा वर्ग में केन्या की मवांगी तेरेसिया को 5-0 से हरा दिया। भारतीय खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए बहुत मजबूत साबित हुई। उन्होने अपने कुशल प्रहारों और कड़े बचाव का उपयोग करके बाउट को आराम से जीत लिया। वह राउंड ऑफ़ 16 में 2022 एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता जापान की कीटो माई से भिड़ेंगी।

## भोपाल में 20 मार्च से होगा आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप



**भोपाल, 18 मार्च 2023।** आईएसएसएफ विश्वकप निशानेबाजी का आयोजन भोपाल स्थित मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी के बिशन खेड़ी परिसर में 20 से 27 मार्च तक किया जायेगा। एक अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आधिकारिक तौर पर 21 मार्च को स्पर्धा का उद्घाटन करेंगे। स्पर्धा में 33 देशों के 325 निशानेबाजी और 75 तकनीकी अधिकारी हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर भोपाल जिले के गांव बरखेड़ा नाथू में बनने वाले खेल परिसर का शिलान्यास व वातानुकूलित इनडोर निशानेबाजी रेंज का वर्चुअल उद्घाटन भी करेंगे।

अधिकारी ने कहा कि स्पर्धा का आयोजन मध्य प्रदेश द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राइफल महासंघ (एनआरएआई) के तकनीकी सहयोग से किया जा रहा है।भारत आठवीं बार इस प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है और यह पहली बार नई दिल्ली के बाहर आयोजित की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में अजरबैजान, बांग्लादेश, बोस्निियाहर्जेगोविना, ब्राजील, चीन, चेक गणराज्य, डेनमार्क, स्पेन, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी, हंगरी, इंडोनेशिया, ईरान, इजरायल, जापान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, कोरिया, सऊदी अरब, लिथुआनिया, मालदीव, मैक्सिको, रोमानिया, सिंगापुर, सर्बिया, श्रीलंका, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, चीनी ताइपे, अमेरिका और उज्बेकिस्तान के निशानेबाज हिस्सा लेंगे।

## एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल के सम्मान में आरसीबी ने किया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, 18 मार्च 2023।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल की जर्सी नंबर को रिटायर करने का फैसला किया है। क्रिकेट के दोनों दिग्गजों को 26 मार्च को आईपीएल के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। जर्सी नंबर रिटायर करने की पुष्टि आरसीबी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर की।

आरसीबी ने ट्वीट किया, जब हम आरसीबी के दिग्गजों को हॉल ऑफ फेम में शामिल करेंगे तो जर्सी नंबर 17 और 333 को हमेशा के लिए रिटायर कर देंगे। एबी डिविलियर्स (17) और हेनरी गेल (333) को हमारा यह सम्मान होगा।

**आरसीबी के लिए खेले 156 मैच**

गौरतलब हो कि जर्सी नंबर 17 डिविलियर्स का पर्याय बन गया था, जिन्होंने आरसीबी के लिए 11 सीजन (2011-2021) खेले। इसके अलावा फ्रेंचाइजी के लिए 156 मैचों में 4,491 रन बनाए। करिश्माई दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर ने 2015 में नाबाद 133 के हाईस्कोर के साथ आरसीबी के लिए 37 अर्धशतक और 2 शतक भी लगाए थे। डिविलियर्स, जिन्होंने नवंबर 2021 में क्रिकेट के सभी रूपों से संन्यास लेने की घोषणा की, उनका आरसीबी के लिए स्ट्राइक रेट 152 रहा। विराट कोहली के साथ, डिविलियर्स ने आरसीबी के लिए पांच 100 से अधिक की साझेदारी की और दो 200 से अधिक की साझेदारी की। ऐसी दो साझेदारी करने वाली दुनिया की एकमात्र जोड़ी है।



**गेल ने आईपीएल में खेली है 175 रन की पारी**

वहीं, वेस्टइंडीज के हार्ड हिटर गेल सात सीजन (2011-2017) में आरसीबी के लिए खेले और उनकी जर्सी नंबर 333 विरोधी टीमों में खौफ पैदा करती थी। 2013 के आईपीएल सीजन के दौरान, जमैका के इस खिलाड़ी ने आरसीबी के लिए 16 मैचों में 708 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें नाबाद 175 रन भी शामिल थे।

गेल ने आरसीबी में जाने से पहले 2009 में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अपना आईपीएल करियर शुरू किया, जहां उन्होंने आईपीएल फ्रेंचाइजी के साथ सबसे लंबे समय तक काम किया। उन्हें 2018 में पंजाब किंग्स ने खरीदा था, जहां उन्होंने चार सीजन खेले थे।

# बॉक्सिंग चैंपियनशिप से हटीं दोंजेता सादिकु



**» अपने देश का झंडा इस्तेमाल करने की नहीं मिली अनुमति**

**नई दिल्ली, 18 मार्च 2023।** इस्तांबुल विश्व चैंपियनशिप में बीते वर्ष कांस्य पदक जीतने वाली कोसोवो की मुक्केबाज दोंजेता सादिकु ने विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। कोसोवो मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष ओस्मानी ने सोशल मीडिया पर आरोप लगाया है कि उन्हें दिल्ली में उनके देश के झंडे तले नहीं खेलने की अनुमति मिलने पर उन्होंने यह कदम उठाया है।

भारत सरकार की ओर से सर्बिया से अलग हुए कोसोवो को देश के रूप में मान्यता नहीं दी गई है, जिसके चलते सादिकु को 2018 की दिल्ली विश्व चैंपियनशिप और 2019 की गुवहाटी में हुई यूथ विश्व चैंपियनशिप में वीजा नहीं दिया गया था। इस बार भी उन्हें वीजा नहीं मिल रहा था, लेकिन 13 मार्च को उन्हें सोफिया (बुल्गारिया) में भारत आने का वीजा दे दिया गया। ओस्मानी का आरोप है कि वीजा जरूर दिया गया, लेकिन साथ में यह शर्त थोपी गई कि चैंपियनशिप के दौरान उन्हें कोसोवो के झंडे के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी और न ही उनके देश के झंडे के ध्वजारोहण होगा। इसके बाद उन्होंने चैंपियनशिप से नाम वापस लिया।

आईबीए ने बयान में कहा है कि अंतरराष्ट्रीय और भारतीय मुक्केबाजी संघ ने कोसोवो के दिल्ली चैंपियनशिप में भाग लेने का पूरा प्रयास किया, जिसमें भारत सरकार ने पूरा सहयोग दिया और वीजा प्रदान किया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोसोव की मुक्केबाज ने चैंपियनशिप में खेलने से इन्कार कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ हमेशा खिलाड़ी के उसके देश के झंडे तले खेलने के अधिकार के साथ खड़ी है, लेकिन वह दो देशों के कूटनीतिक रिश्तों को प्रभावित नहीं कर सकता है।

## अंबरनाथ यूनाइटेड अटलांटा एफसी हीरो आई-लीग 2 में पदार्पण को तैयार




**मुंबई, 18 मार्च 2023।** महाराष्ट्र का अंबरनाथ यूनाइटेड अटलांटा एफसी हीरो आई-लीग 2 में पदार्पण के लिये कमर कस चुका है। अंबरनाथ यूनाइटेड अटलांटा एफसी ने अपनी स्थापना के पहले ही वर्ष में एमएफए एलीट प्रीमियर लीग का खिताब (2021-22 सीज़न) जीता था जबकि प्रतिष्ठित हारवुड चैंपियंस लीग को जीतकर दोहरा विजयी सीज़न पूरा किया। एयूएएफसी अपने एलीट प्रीमियर लीग खिताब (2022-23 सीजन) को बचाने में सफल रहा था और मुंबई में शीर्ष घरेलू लीग में लगातार खिताब अपने नाम किया। इसके परिणामस्वरूप उन्हें अब हीरो आई लीग में नामित किया गया है।

हीरो आई-लीग 2 के 15वें संस्करण में भाग लेने वाले 20 क्लबों को चार समूहों, ग्रुप ए, ग्रुप बी, ग्रुप सी और ग्रुप डी में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में टेकट्रो स्वदेस यूनाइटेड (हिमाचल प्रदेश), जगत सिंह पलाही (पंजाब), मुंबई सिटी (आर) (महाराष्ट्र), डाउनटाउन हीरोज (जम्मू और कश्मीर), दिल्ली एफसी (नई दिल्ली) शामिल थे जबकि ग्रुप बी में शिलॉन्ग लाजोंग, द डायमंड रॉक, यूनाइटेड एससी, ईस्ट बंगाल (आर) है। ग्रुप सी में बेंगलुरु एफसी (आर), गोल्डन थ्रेड्स, आरकेएम एफए, चेन्नईयिन एफसी (आर), एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड और ग्रुप डी में एआरए एफसी, डेम्पो, अंबरनाथ यूनाइटेड अटलांटा एफसी, एफसी गोवा (आर), हैदराबाद एफसी (आर) की टीमे शिरकत करेंगी।

# कन्नड़ फिल्म कब्जा का हिंदी संस्करण मचाएगा धमाल, 1,604 स्क्रीन पर रिलीज

2022 में कन्नड़ फिल्म केजीएफ 2 और कांतारा के हिंदी संस्करण की जबरदस्त सफलता के बाद से कन्नड़ निर्माताओं में अपनी फिल्मों को हिंदी में रिलीज करने के होड़ लगी है। किच्चा सुदीप की पैन इंडिया फिल्म अंडरवर्ल्ड का कब्जा भी सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है, जिसे हिंदी सहित कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया गया है। फिल्ममेकर आनंद पंडित ने इस फिल्म के जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा में डेब्यू किया है।

ट्रेड एनालिस्ट तरण आर्दश के मुताबिक, कब्जा को हिंदी में 1,604 स्क्रीन पर रिलीज किया गया है। इस फिल्म को ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचाने के लिए निर्माताओं ने इसकी टिकट भी सस्ते दामों पर बेचने का फैसला किया है।




फिल्म कब्जा उपेंद्र, श्रिया सरन और किच्चा अभिनीत माफिया की दुनिया के बारे में एक कहानी है। कब्जा से अलग रानी मुखर्जी की मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे केवल भारत में 535 स्क्रीन पर ही रिलीज हुई है।

लेकिन कब्जा रिलीज के साथ ही पायरेसी का शिकार हो गई है. 17 मार्च को रिलीज हुई ये फिल्म इसी दिन ऑनलाइन लीक हो गई. आर चंद्रू द्वारा निर्देशित कब्जा एक एक्शन ड्रामा फिल्म है. इसके पहले दिन अच्छी कमाई करने की उम्मीद है. आपको बता दें कब्जा कोई पहली फिल्म नहीं को पायरेसी का शिकार हुई है, आज ही रानी मुखर्जी की फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' भी रिलीज हुई और ये फिल्म भी ऑनलाइन लीक का शिकार हो गई. वहीं इससे पहले भी तमाम बॉलीवुड और साउथ फिल्में इस गंभीर अपराध का शिकार हो चुकी हैं. कब्जा को देखने के लिए दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है, लेकिन लीक के बाद इस जश्न में थोड़ी सेंध लग सकती है. तमिलरॉकर्स और मूवीरुलज़ पर एचडी क्वालिटी में इस फिल्म को ऑनलाइन लीक किया गया है. हाल ही में पायरेसी का शिकार हुई फिल्मों की लंबी लिस्ट है जिसमें तू झूठी मैं मक्कार, मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे, ज्विगाटो, वाथी, वाल्टेयर वीरय्या, पठान, एंट-मैन 3, थुनिवु, अवतारः द वे ऑफ वॉटर, भेड़िया, सलाम वेंकी जैसी फिल्में शामिल हैं.

## सिल्वर कलर के डीपनेक गाउन में पलक तिवारी ने दिए स्टनिंग पोज



टीवी इंडस्ट्री की नामचीन एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अपनी मां की तरह ही काफी नाम कमा रही हैं। उनकी बोल्डनेस से भरी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं, सिल्वर कलर के गाउन में एक्ट्रेस पलक तिवारी बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने कातिलाना अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। पलक तिवारी सिल्वर कलर के डीपनेक गाउन में बेहद ही चार्मिंग लग रही हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। लाइट मेकअप और स्टाइलिश हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस पलक तिवारी बेहद ही गॉर्जियस लग रही हैं। अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए हुए हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। बेहद ही कम समय में इस मुकाम को हासिल करने वाली पलक तिवारी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। पलक तिवारी अपनी मां श्वेता तिवारी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं। पलक फिल्म रोजीः द सैफ्रॉन चैप्टर से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। इसके अलावा वो सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में भी नजर आ सकती हैं। पलक तिवारी आदित्य सील के साथ मंगता है क्या गाने में भी काम कर चुकी हैं। पंजाबी सिंगर हार्डी संधू के साथ पलक ने बिजली बिजली सॉन्ग किया है। ये गाना इतना पॉपुलर हुआ कि उनका नाम फैंस बिजली गर्ल ही बुलाने लगे।

## पूरी हुई गदर 2 की शूटिंग, 1954 से 1971 की टाइमलाइन




गदर 2 की शूटिंग खत्म हो चुकी है। फिल्म 1954 से 1971 तक की टाइमलाइन को फॉलो करेगी और कहानी को वहीं से आगे बढ़ाएगी जहां से पहला पार्ट खत्म हुआ था। सनी देओल और अमीषा पटेल की मुख्य भूमिकाओं वाली यह फिल्म 2001 की ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर का सीक्वल है। एक ट्रक ड्राइवर, तारा सिंह अपनी पाकिस्तानी पत्नी को वापस पाने की उसकी लड़ाई की कहानी बताने वाली इस फिल्म की बॉक्स-ऑफिस पर लगान से टक्कर हुई।गदर 2 में पाकिस्तानी मेजर मलिक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता रोहित चौधरी ने अपने ट्विटर पर शूटिंग खत्म होने की तस्वीरें साझा कीं।उन्होंने ट्वीट किया, पूरा हुआ। बहुप्रतीक्षित फिल्म गदर 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी है. इसका हिस्सा बनकर बहुत खास महसूस कर रहा हूं। 11.08.2023 का इंतजार नहीं कर सकता, अब पूरी तरह तैयार हूं।

फिल्म के बारे में बात करते हुए रोहित ने कहा, जहां गदर की कहानी खत्म हुई थी, वहीं से गदर 2 की कहानी शुरू होती है। दूसरी किस्त 1954 से 1971 के बीच की है।













# कोंडागांव में सीएम बघेल ने की बड़ी घोषणा

» मांझिनग को जैव विविधता पार्क के रूप में किया जायेगा विकसित

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोंडागांव में 154 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

**रायपुर, 18 मार्च 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोंडागांव जिले के बांसकोट में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा की स्थापना, मांझीनगढ़ पर्यटन स्थल को जैव विविधता पार्क के रूप में जंगल सफारी की तर्ज पर विकसित करने तथा उप स्वास्थ्य केंद्र गम्हरी का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन करने के साथ ही बांसकोट में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने एवं साहू सदन बाँसकोट में आहाता निर्माण की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए केशकाल में इंडोर स्टेडियम निर्माण की भी घोषणा की।
मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज कोंडागांव जिले के बांसकोट में भक्त माता कर्मा जयंती तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल हुए। उन्होंने साहू समाज सहित क्षेत्रवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी और मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंध रहे 101 जोड़ो को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने कोंडागांव जिले में 154 करोड़ के 145 विभिन्न कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।
साथ ही मुख्यमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम,बस्तर सांसद दीपक बैज, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पारंपरिक, सांस्कृतिक धरोहर स्थलों जैसे देवगुड़ी, मातागुड़ी एवं घोटुल की भूमि को संरक्षित रखने हेतु कुल 436 सामुदायिक वन अधिकार पत्र ग्रामीणों को प्रदान किये गए तथा साहू समाज के प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित किया गया।
मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भक्त माता कर्मा को नमन किया उन्होंने कहा कि आज भक्त माता कर्मा जी की 1007 वीं जयंती हम सब मना रहे हैं । आज प्रदेश भर में बेमौसम बारिश हुई है जिससे असुविधा हुई है परंतु इस बारिश से किसी प्रकार से उत्साह में कमी नहीं आई है । पूरे हर्षोल्लास के साथ माता कर्मा जी की जयंती मनाई जा रही है।



माता कर्मा जयंती तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल हुए

उन्होंने माता कर्मा का जो योगदान है उसे समाज कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने एकता में ही ताकत के आधार पर समाज को संगठित किया और एक नई दिशा प्रदान की।
उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत परिणय सूत्र में बंध रहे नव दंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसके दी जा रही सहायता राशि को हमने 15 हजार से बढ़कर 25 हजार किया था और वर्तमान बजट में इसे बढ़ाकर 50 हजार करने का प्रावधान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सुपोषण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन से आए सकारात्मक बदलावों पर प्रशंसा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज छत्तीसगढ़ की मजबूत अर्थव्यवस्था की चर्चा पूरे देश में हो रही है और उसके पीछे सभी समाज के साथ-साथ साहू समाज का भी बड़ा योगदान है। हमने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ 4 साल पहले एक नई यात्रा की शुरुआत की थी, हमारी सरकार ने किसानों, मजदूरों तथा परंपरागत व्यवसाय करने वाले मेहनतकश कारीगर और महिलाओं के लिए प्राथमिकता के साथ कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोंडागांव जिले में ही 29 हजार 939 किसानों के कुल 116 करोड़ 34 लाख 72 हज़ार कर्ज माफ हुए हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना का भी प्रदेश सहित जिले के किसानों को लाभ मिल रहा है। किसान हितैषी सरकार ने इस वर्ष सर्वाधिक धान खरीदी का नया कीर्तिमान रचते हुए प्रदेश में 107 लाख मैट्रिक टन धान की खरीदी की है। लघु वनोपज खरीदी हो या फिर गोबर से प्राकृतिक पेंट या बिजली उत्पादन करने की बात हो, इसका लाभ जरूरतमंदों को मिल रहा है और उनकी आय बढ़ी है।
कार्यक्रम को सांसद दीपक बैज ने माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरकार ने हर व्यक्ति और समाज के विकास के लिए कार्य किया है। बस्तर की पहचान अब देश विदेश में होनी लगी है। क्षेत्र के दंतेवाड़ा का डेनेक्स के कपड़ा, लघु वनोपज महुआ इमली और मिलेटस की माँग देश विदेश में हो रहा है। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से लोंगों की आय में वृद्धि होने से बैंकों की माँग होने लगी है। सरकार ने बस्तर की संस्कृति को संरक्षित करने के लिए देवगुड़ी मातागुड़ी घोटूल का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। संभाग के जिलों में सभी समाजों के लिए सामाजिक भवनों का निर्माण किया जा रहा है।
विधानसभा उपाध्यक्ष श्री संतराम नेताम ने कहा कि कर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बारिश की वजह से मुख्यमन्त्री वर्चुअल शामिल हुए इसके मुख्यमन्त्री का आभार। क्षेत्र के विकास के लिए भेंट मुलाक़ात के दौरान मुख्यमन्त्री द्वारा किए घोषणा को पूरा किया जा रहा है। सरकार द्वारा क्षेत्र में अतिरिक्त धान ख़रीदी केंद्रों का स्थापना, सामाजिक भवनों की सौगात, वन अधिकार और सामुदायिक वन अधिकार दिया गया। उन्होंने कार्यक्रम में कन्या विवाह योजना के तहत 101 नव दंपति को आशीर्वाद और साहू समाज के प्रतिभावान युवाओं को बधाई दी। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सोनी ने जिले में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी।

# कांग्रेस ने जमकर निकाली भाजपा पर भड़ास

» कहा-अडानी के हेराफेरी,लूट के षयंत्र और फर्जीवो पर मोदी मौन क्यों?

**रायपुर,18 मार्च 2023(ए)।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला कहा कि हिंडेनबर्ग खुलासे के एक महिनें से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक ना कोई एफआईआर, ना किसी भी तरह की जांच का आदेश? आखिर मोदी सरकार मौन क्यों है? हिंडनर्बग के रिपोर्ट में उजागर आर्थिक अनियमितता, मनी लांड्रिंग, ब्लैक मनी और विदेशों में फर्जी सेल कंपनियां बनाकर किए जा रहे हैं फर्जीवाड़े पर भाजपा और मोदी सरकार को भी भागीदार है। अडानी से भाजपा को सपोर्ट मिलता है, चुनाव लड़ने के लिए पैसा मिलता है और इसीलिए अडानी को बचाने उसके फर्जीवाड़े पर मोदी सरकार पर्दा डाल रही है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला कहा कि अडानी के घोटाले के कारण 120 मिलियन डॉलर अर्थात 10 लाख करोड़ से अधिक आम जनता के मेहनत का पैसा डूब गया है, देश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि आखिर सरकारी बैंकों से अडानी को अनुपातहीन लोन किस के दबाव में दिया गया? षड्यंत्र उजागर होने के बाद भी एलआईसी का पैसा क्यों दबाव पूर्वक अडानी की कंपनी में लगवाया जा रहा है? एलआईसी और एसबीआई देश की जनता का भरोसा है, जिसे षडयंत्र पूर्वक व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पूंजीपत मित्र पर लुटाया जा रहा है। लाखों करोड़ के मनी लांड्रिंग, ब्लैकमनी, विदेशों में फर्जी सेल कंपनी बनाकर अडानी की कंपनी में लगाने के तथ्य उजागर हुए हैं। बाजार में निगरानी रखने की जिम्मेदारी ÷सेबी÷ की होती है, लेकिन मोदी सरकार के दबाव में सेबी भी मौन है।
प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला कहा कि बेहद दुखद और निंदनीय है कि केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा के तमाम नेता जनता के हित में खड़े होने के बजाय बेशर्मी से अडानी के बचाव में उतर आए हैं। सेबी, सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स सहित तमाम केंद्रीय एजेंसियां पूरे प्रकरण में गायब है। केंद्रीय सदन लोकसभा और राज्यसभा में इतने महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है, मोदी सरकार, संयुक्त संसदीय कमेटी (जेपीसी) से जांच के कांग्रेस की मांग को भी अनदेखा करना यह साबित करता है कि इतने बड़े महाघोटाला, शेयरों की हेराफेरी और आर्थिक अपराध के षड्यंत्र में केवल अडाणी ही नहीं बल्कि मोदी भी भागीदार हैं।

# प्रदर्शनकारी भाजपाइयों पर बलवा का जुर्म

» विधानसभा घेराव के दौरान उग्रता दिखाने वाले सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर दो अलग-अलग थानों में एफआईआर हुआ दर्ज

**रायपुर,18 मार्च 2023(ए)।** विधानसभा घेराव के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प का मामला अब और तूल पकड़ सकता है। पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर दो अलग-अलग एफ आई आर दर्ज की हैं।
एक एफ आई आर नगर निगम जोन 9 के अफसरों दर्ज कराई है। इसमें धारा 147 के तहत मामला दर्ज हुआ है। वहीं एक अन्य एफ आई आर में धारा 147, 332, 353 और 186 के तहत विधानसभा थाने की पुलिस ने केस दर्ज किया है।
पुलिस ने स्वतः ही एक मामला दर्ज किया है। वहीं एक अन्य मामला कुछ प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही पुलिस वालों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने जैसे आरोप भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर लगाए गए हैं।
नगर निगम जोन 9 के अफसरों ने जो मामला दर्ज कराया है, उसमें बताया गया है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के टीन शेड और बांस-बल्ली के बैरिकेड पिरदा चौक के पास लगाए गए थे । प्रदर्शनकारियों ने नेताओं ने इन्हें तोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है।
वहीं विधानसभा थाने में दर्ज स्नद्बक्र में घायल पुलिस अफसरों के नाम का भी उल्लेख करते हुए विधानसभा घेराव के पहले हुई सभा और घेराव के दौरान मारपीट करने सहित अन्य बातें हैं। घायलों में एडीशनल एसपी से लेकर कॉन्स्टेबल तक शामिल हैं। इनमें विवेक शुक्ला, राहुल देव शर्मा, डीएसपी गुरजीत सिंह, इंस्पेक्टर नितेश ठाकुर, कॉन्स्टेबल दिलीप जांगड़े, एंटी क्राइम ब्रांच के कांस्टेबल शेख आदिल, कॉन्स्टेबल दीपक पांडे कॉन्स्टेबल मोहन तिवारी के नाम हैं। थाने में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ धारा 147, 332, 353 और 186 के तहत मामला दर्ज किया गया है।




विधानसभा घेराव की कई वीडियो रिकार्डिंग पुलिस के पास मौजूद हैं। पुलिस इन्हें खंगाल कर प्रदर्शनकारियों की पहचान में जुटी हुई है। सोशल मीडिया में चल रहे फोटोज व वीडियोज भी पुलिस जांच का हिस्सा हो सकते हैं। माना जा रहा है कि पहचान सामने आने के बाद पुलिस कई भाजपा नेताओं को गिरफ्तार कर सकती है।

# जशपुर में पदस्थ जज की सेवा बर्खास्त का आदेश जारी

**रायपुर,18 मार्च 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर छतीसगढ़ में पदस्थ न्यायाधीश को बर्खास्त कर दिया गया है। प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी कार्य विभाग ने उक्त आदेश जारी किए हैं।



गणेश राम बर्मन छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा के सदस्य थे। वर्तमान में उनकी पदस्थापना जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी के पद पर जशपुर में थी। उनकी सेवाकाल की जांच कर उच्च न्यायालय ने इनकी सेवा समाप्त करने की अनुशंसा राज्य शासन के विधि एवं विधाई कार्य विभाग को की गई थी।
हाईकोर्ट द्वारा की गई अनुशंसा को स्वीकार करते हुए छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा नियम 2006 के नियम 9 (4) के तहत अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जशपुर की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के निर्देश प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी कार्य विभाग रामकुमार तिवारी ने जारी किए हैं।

# कमजोर प्रदर्शन करने वाले 35 प्रतिशत विधायकों के कट सकते है टिकट

**रायपुर,18 मार्च 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की तैयारी में भाजपा-कांग्रेस अपने-अपने स्तर पर जुट गई है। इस बीच कांग्रेस नेता व मंत्री अमरजीत भगत का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस बार कमजोर प्रदर्शन वाले 35 प्रतिशत विधायकों के टिकट कट सकते हैं। विधायकों के परफॉर्मेंस के अनुसार कुंडली तैयार हो रही है।
मंत्री अमरजीत ने कहा, विधानसभा बजट सत्र के बाद कांग्रेस चुनावी मोड में दिखेगी. सत्र के बाद टिकट पर अंतिम समीक्षा होगी. पिछले चुनाव के वक्त बारीकी से प्रत्याशियों का चयन किया गया था. कांग्रेस विधायकों के पास समय कम है, कमजोर प्रदर्शन वाले विधायकों की मुश्किलें बढ़ सकती है।



मंत्री अमरजीत भगत ने विधायकों की टिकट कटने की बात पर कहा, मैं फाइनल अथॉरिटी नहीं हूं यह हाईकमान का विषय है. हाईकमान सब काम करेगा, जिससे सरकार दोबारा रिपीट हो. स्वाभाविक प्रक्रिया है, सतत प्रक्रिया है, जितने वाले को ही घोड़े पर दांव लगाया जाता है. पार्टी स्टेटस बना रही है, इसमें गलत क्या है?
अमरजीत भगत ने अगले चुनाव के लिए मूछों को दांव पर लगाया है कि यदि उनकी सरकार नहीं आई तो मूंछ मुंडवा देंगे. इस सवाल के जवाब में कहा कि हम भूपेश बघेल सरकार के कैबिनेट मंत्री हैं. हमारी सरकार ने आदिवासियों, युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए काम किया है. जब काम किया है तो उम्मीद है कि हमको जनता समर्थन मिलेगा. बता दें कि कांग्रेस मिशन 75 का लक्ष्य लेकर चल रही है. इस बार भी 75 + सीटों पर पार्टी का फोकस है।

# वित्त विभाग ने पेमेंट पर लगाया रोक

» डीडीओ को चेक बुक जमा करने के दिए निर्देश,

» अब ईपेमेंट से नहीं हो सकेगा भुगतान




**रायपुर,18 मार्च 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के सभी विभागों के आहरण अधिकारियों के अधिकार पर रोक लगाते हुए उन्हें चेक बुक जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। 24 मार्च तक उन्हें कोषालयों में चेक बुक जमा करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। साथ ही ई-कुबेर के माध्यम से होने वाले पेमेंट पर भी रोक लगाने संबंधी निर्देश वित्त विभाग द्वारा जारी किए गए हैं।
राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार सभी विभागों के आहरण अधिकारियों को दिनांक 24 मार्च की शाम 5 बजे तक अपने उपयोग किए गए चेक का विवरण साथ ही निरंक चैक को कोषालय अधिकारियों के समक्ष जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। दिनांक 27 मार्च से ऐसे अपरिहार्य प्रकरणों में जिनमें कतिपय व्ययों को जो जनहित या प्रशासन के हित में जरूरी हो को, स्थानीय जिला अध्यक्षों के समक्ष पूरे विषय वस्तु व औचित्य सहित पेश कर भुगतान हेतु निर्देश प्राप्त किया जा सकता है। पर ऐसे सभी आदेशों की प्रति संकलित कर वित्त विभाग को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
27 मार्च से वित्तीय वर्ष की समाप्ति अर्थात 31 मार्च तक ऐसे प्रकरणों में जिला अध्यक्ष की अनुमति के पश्चात चेक काटने के लिए कोषालय अधिकारियों के द्वारा आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को चेक उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारी के हस्ताक्षर वह कोषालय अधिकारी के प्रति हस्ताक्षर होंगे। वित्तीय वर्ष के लेनदेन की समाप्ति के बाद आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के प्रति हस्ताक्षर लेने के बाद उन्हें चेक वापस कर दिया जाएगा। ऑनलाइन माध्यम से होने वाले भुगतान में भी 31 मार्च तक रोक लगाई गई है। अत्यधिक जरूरी होने पर विभाग की सहमति से ही भुगतान किया जा सकेगा।



# चैत्र नवरात्रि पर श्रद्धालुओं को रेलवे की सौगात

### डोंगरगढ़ में अब 8 एक्सप्रेस ट्रेनों का होगा ठहराव

**रायपुर,18 मार्च 2023(ए)।**
प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ में चैत्र नवरात्रि पर्व (दिनांक 22 मार्च से 30 मार्च, 2023 तक) मेला में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाड़ियो का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है।जानकारी के मुताबिक हर साल चैत्र नवरात्रि के मौके पर बड़ी संख्या में भक्त डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने जाते हैं। इस मौके पर यहां बड़ा मेला भी लगता है। हर साल की तरह इस बार भी मां बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ में चैत्र नवरात्रि पर्व 22 मार्च से 30 मार्च 2023 तक मनाया जा रहा है। यहां इस मौके पर मेले का आयोजन भी किया जा राह है। मेला में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों का अस्थायी ठहराव और कुछ गाड़ियों के विस्तार की सुविधा देने का निर्णय लिया है।

# संजू त्रिपाठी हत्याकांड मामले में मिली सफलता

» मामलें में फरार शूटर हुआ गिरफ्तार, पुलिस ने किया खुलासा

**बिलासपुर ,18 मार्च 2023 (ए)।** हिस्ट्रीशिटर कांग्रेस नेता संजू त्रिपाठी हत्याकांड मामले में पुलिस ने आरोपी शूटर को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस आरोपी को यूपी से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आई है. इस हत्याकांड के एक शूटर पप्पू वाल्मिकी (दाढ़ी) को उत्तरप्रदेश पुलिस ने बीते 15 मार्च को गिरफ्तार किया है. पुलिस के मुताबिक उत्तरप्रदेश में उसने चार साल पहले विद्युत ठेकेदार के घर डाका डाला था. जिसके बाद से वो फरार चल रहा था. उत्तरप्रदेश पुलिस ने उस पर 15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था. इधर, बिलासपुर पुलिस का दावा है कि संजू हत्याकांड में पप्पू भी शामिल था. पुलिस ने लखनऊ के आरोपी प्रसीन गुप्ता से पूछताछ की थी. जिसके आधार पर उसे शूटर मानकर आरोपी बनाया गया है. पप्पू को उत्तरप्रदेश पुलिस के पकड़े जाने की जानकारी मिलते ही सकरी पुलिस तीन दिन पहले ही लखनऊ के लिए रवाना हुई थी. जिसे पुलिस कोर्ट से ट्रांजिट



रिमांड पर लेकर आ गई है. पप्पू से अभी पुलिस को शूटर और वारदात में प्रयुक्त हथियार के संबंध में कोई अहम जानकारी नहीं मिल पाई है।
पुलिस का दावा है पप्पू ने गोली मारकर संजू त्रिपाठी की हत्या की है। बता दें कि दिसंबर 2022 सरेराह बिलासपुर में एक कार में संजू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों की धरपकड़ भी की। आरोपियों से पुलिस को पिस्टल नुमा हथियार बरामद किए थे। स्स्क्रपारुल माथुर ने मामले की जांच के लिए 22 पुलिसकर्मियों की टीम गठित की थी, जो लगातार ही इसपर जांच कर रही है। इस टीम में पुलिस के अधिकारियों से लेकर टीआई, एसआई और कांस्टेबल शामिल हैं। जांच के लिए पड़ोसी राज्यों के लिए भी टीम को भेजा जाता है। इस मामले में पुलिस को शक है कि हत्या की वारदात को प्रोफेशनल शूटरों द्वारा अंजाम दिया गया है। संजू त्रिपाठी की हत्या के मामले में पुलिस छत्तीसगढ़ सहित आसपास के 5 राज्यों में आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। साथ ही पुलिस की साइबर सेल लगातार आरोपियों के जुड़े हुए लोगों के मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर रही थी। इसी लोकेशन के आधार पर कपिल त्रिपाठी नाम के आरोपी के लिए भी पुलिस ने दिल्ली पहुंचकर काठमांडु के लिए जाने वाली बस को लखनऊ में रोककर गिरफ्तार किया था। वहीं अब इस मामले के एक और आरोपी को यूपी के लखनऊ में यूपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है, जिसे सीजी पुलिस लेकर आ गई है।



# विधायक को पेट दर्द क्यों हो रहा है?

» तंज कसते हुए बोले मंत्री कवासी लखमा

**रायपुर,18 मार्च 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में इसी साल विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों के नेता तैयारियों में जुट गए हैं। वहीं, नेताओं के बीच जुबानी जंग भी लगातार जारी है। इसी बीच प्रदेश के आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर पर करारा हमला बोला है।
मंत्री कवासी लखमा ने अजय चंद्राकर के कुत्ता बिल्ली वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर ऐसी घटना हुई तो कार्रवाई होनी चाहिए। अजय चंद्राकर हमेशा कुत्ते बिल्ली का नाम लेते रहते हैं, क्या उन्हे कुत्ते बिल्ली ने वोट दिया था, क्या ये कुत्ते बिल्ली के राजा हैं, या उनके ठेकेदार? उन्होंने आगे कहा कि सामूहिक विवाह की राशि बढ़ा दी गई तो अजय चंद्राकर को पेट दर्द क्यों हो रहा है? ये जनता का नाम नहीं लेकर कुत्ते बिल्ली का नाम लेते हैं। इस तरह की बात करने का अधिकार इन्हे किसने दिया। अजय चंद्राकर छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगे, नहीं तो हम इसे बड़ा मुद्दा बनाएंगे और कुत्ते बिल्ली के राजा को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)